शोधाञ्जलि

Convergence of Ideas: A Multidisciplinary Research Perspective

ISBN : 978-93-93248-63-3

EISBN: 978-93-93248-66-4

VOLUME-I-2024

WWW.KMGGPGC.ORG

Km. Mayawati Govt. Girls P.G. College
Badalpur, G.B. Nagar-203207

शोधाञ्जलि

शोधाञ्जलि

प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ
संरक्षक
(प्राचार्य, कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर)

प्रो. (डॉ.) दीप्ति वाजपेयी
प्रधान संपादक
(प्रोफेसर, संस्कृत विभाग)

प्रो. (डॉ.) किशोर कुमार
प्रबंध संपादक
(प्रोफेसर, इतिहास विभाग)

संपादक मंडल

प्रो. (डॉ.) शिवानी वर्मा
(प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग)

डॉ. नेहा त्रिपाठी
(असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग)

डॉ. नीलम शर्मा
(असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग)

डॉ. संजीव कुमार
(असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा विभाग)

डॉ. अपेक्षा तिवारी
(असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग)

डॉ. विनीता सिंह
(असिस्टेंट प्रोफेसर, समाज शास्त्र विभाग)

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

शोधाञ्जलि, ISBN: 978-93-93248-63-3

Published by :

NEEL KAMAL PRAKASHAN
1/11052-A, Subash Park, Shahdara, Delhi-110032
email: nkplife@gmail.com

© ***Editors-*** The concerned author(s) will be responsible for views, data, text and the data analysis presented in the chapter.

ISBN : 978-93-93248-63-3
EISBN : 978-93-93248-66-4

Price: **Rs. 600.00**

First Edition: **2024**

Printed by:

DHRUV PUBLISHER & PRINTER
856 B, Katra Chand Khan, Old City, Bareilly.

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

संपादकीय

उच्च शिक्षा के अनंत उद्देश्य हैं। उनमें से तर्कसंगत सोचने (Critical Thinking) की प्रवृत्ति का विकास, नवाचार (Innovation) का विकास, आत्मनिर्भर (Self-reliance) समाज का निर्माण, रोजगार (Employability) के लिए नयी पीढ़ी को तैयार करना, छात्रों में शोध अभिरुचि (Research Orientation) का आरोपण करना, बेहतर वैश्विक नागरिक (World Citizenship) बनाना और उत्तरोत्तर बेहतर समाज (Better Society) का निर्माण करना आदि प्रमुख हैं। शोध अभिरुचि और प्रवृत्ति को प्रायः अकादमिक कार्य से जोड़ दिया जाता है, जबकि शोध का कार्य हम सभी की प्रत्येक जीवनचर्या से जुड़ा विषय है, हम कौन सा मोबाइल खरीदना चाहते है, कौन सा स्मार्ट टीवी हमारे घर के लिए बेहतर होगा और क्यों वही टीवी या मोबाइल हमारे लिए उचित है, उसका मूल्य, कॉन्फिग्रेशन, वारंटी और हमारी जरुरत और क्षमता क्या है? यह सब शोध प्रक्रिया और कार्य अनजाने में ही होता रहता है, यहाँ तक कि आप कौन सी चाय या कौन सा टूथपेस्ट इस्तेमाल करते हैं, यह सब भी अनजाने में और अनौपचारिक किये गए शोध का परिणाम होता है। अकादमिक जगत में शोध कार्य प्रायः औपचारिक रूप से किया जाता है। शोधार्थी या प्राध्यापक विषय के किसी ऐसे क्षेत्र का चयन करते हैं जिसमे उनकी अभिरुचि हो, और उस विषय पर आवश्यक प्राथमिक और द्वितीयक स्रोत उपलब्ध हों। सर्वप्रथम उपलब्ध स्रोतों का वस्तुनिष्ठ अध्ययन कर उस विषय पर कितना ज्ञान उपलब्ध है और अभी क्या प्राप्त करना अपेक्षित है?

यह जानने का प्रयास किया जाता है। इसे हम साहित्य समीक्षा (Literature Review) की संज्ञा देते हैं। साहित्य समीक्षा की प्रक्रिया का पालन कर उस विषय– विशेष में शोध अंतराल (Research Gap) का ज्ञान हो जाता है, और साथ ही शोध के विभिन्न संभावित परिणामों पर परिकल्पनाएं (Hypothesis) तथा शोध विधि पर शोधकर्ता की सम्यक समझ और ज्ञान अपेक्षित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्नातक और परास्नातक के छात्र–छात्राओं में शोध अभिरूचि को बढ़ाने का लक्ष्य रखती हैं, और इस संकल्पना पर जोर देती हैं कि शिक्षा और शोध उच्च शिक्षा का प्राथमिक और अपरिहार्य अंग है। जिससे विद्यार्थी चली आ रही परिपाटी का अंग न बन कर अपने विचारों, जिज्ञासाओं, प्रवत्तियों के अनुरूप कुछ नया सोचें और अन्वेषण करें। वर्तमान में जो है, वही मानकर उसी मार्ग पर चलने के बजाए अपना नवीन मार्ग चयन करें। जिससे समाज को एक नई दृष्टि, एक नया परिप्रेक्ष्य मिल सके। शोध में मानकता, नैतिकता और गुणवत्ता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा Consortium for Academic and Research Ethics (CARE) की स्थापना की गयी है। (CARE) केयर की स्थापना के पश्चात शोध में गुणवत्ता तो आई है, पर कहीं न कहीं शोधार्थियों और अकादमिक व्यक्तियों के लिए यह बहुत मुश्किल हो गया है कि वह अपने शोध पत्रों को समय अनुसार प्रकाशित करा सके, क्योंकि मानक शोध पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशन हेतु लंबी प्रक्रिया का पालन करना होता है और शोध पत्र के प्रकाशन में कभी–कभी साल दो साल का समय भी लग जाता है। इस कारण महाविद्यालय द्वारा नवीन पहल करते हुए नई शिक्षा नीति के अनुसार छात्र–छात्राओं और शोधार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जा रहा है, जहां पर उनके मानक शोध पत्र समय अंतर्गत प्रकाशित हो सके। सीमित संसाधन होने के बावजूद शोधाञ्जलि पुस्तक को इसी शैक्षिक सत्र से प्रकाशित किए जाने का प्रयास प्रारंभ किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि जो भी विद्यार्थी

सतत आंतरिक मूल्यांकन हेतु अपने शोध कार्य को इसमें प्रकाशित करना चाहे उसे हम समयानुसार प्रकाशित कर सके। शोध के संबंध में यह एक संकुचित अवधारणा है कि शोध अकादमिक प्रगति में सहायक है। निसंदेह शोध अकादमिक प्रगति में सहायक होता है। परंतु उसका सबसे उत्तम पक्ष यह है कि शोध लोगों के जीवन में क्या परिवर्तन कर सकता हैं? उनकी सोच, मनोदशा और जीवन को कैसे बदलता है? समाज को सही दिशा में बदलने में किस प्रकार सहायक हो सकता है? इस प्रकार हमें शोध कार्य को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की और छात्र–छात्राओं को उस परिप्रेक्ष्य में समझने–समझाने की आवश्यकता है। यह दृष्टिकोण भी इस शोध पुस्तक का उद्देश्य है। महाविद्यालय नवाचार के रूप में इस पुस्तक का प्रकाशन अन्य शोध पत्रिकाओं से इस दृष्टि से भिन्न है कि यह छात्रों के स्तर के अनुरूप उनमें शोध दृष्टि विकसित करने हेतु उन्हें एक मंच उपलब्ध करा रहा है और छात्रों के अंदर शोध का बीज रोपित कर रहा है। शोध कार्य में छात्र–छात्राओं का ज्ञान तुलनात्मक रूप से कम होने के कारण प्रस्तुत पुस्तक में शिक्षकों द्वारा उनका समुचित निर्देशन किया गया। प्राचार्य प्रो. दिव्या नाथ जी के संरक्षण में इसका प्रथम अंक प्रकाशित किया जा रहा है। आशा है कि सुधि पाठकों के सुझाव और छात्र–छात्राओं के मानक शोध पत्र इसे निरंतर गति प्रदान करेंगे।

सम्पादक मंडल

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

Contents

C.N.	Detail	Page No.
1.	गांधी, गांधी दर्शन, जीवन मूल्य और समाज विज्ञान *सृष्टि, ज्योति, डॉ. किशोर कुमार*	01 - 05
2.	सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव *सविता रावल, आस्था, डॉ. ममता सागर*	06 - 13
3.	वैदिक साहित्य में पर्यावरण संरक्षण *गौरी सिंह, डॉ. दीप्ति वाजपेयी*	14 - 20
4.	पर्यावरण शिक्षाः समकालीन समाज में इसकी भूमिका और लाभ *सपना, सोनम, स्वाति, लेफ्टि. (डॉ.) मीनाक्षी लोहनी*	21 - 29
5.	श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग की प्रासंगिकता *नीतू पाल, डॉ. नीलम शर्मा*	30 - 36
6.	साइबर क्राइमः चुनौतियाँ और समाधान *आँचल नागर, डॉ. विनीता सिंह*	37 - 43
7.	अमृत काल का भारत और भविष्य की चुनौतियां *गौरी सिसोदिया, डॉ. दीप्ति वाजपेयी*	44 - 49

8.	महिला सशक्तिकरणः वास्तविकता या मिथक *नीति नागर, निशा नागर, डॉ. कविता वर्मा*	**50 - 56**
9.	शास्त्रीय संगीत की धरोहर किशोरी आमोनकर और कौशिकी चक्रवर्तीः एक समीक्षा *गौरी सिंह, डॉ. बबली अरूण*	**57 - 62**
10.	ऑटिज्म से पीड़ित छात्रों की शैक्षिक चुनौतियाँ और समाधानः राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में *साक्षी शर्मा, दीपक कुमार शर्मा*	**63 - 70**
11.	महिलाओं पर स्वयं सहायता समूह का प्रभाव *सोनिका, डॉ. अनीता*	**71 - 77**
12.	शहरी अलगाव भारतीय शहरों में छिपा मानसिक संकट *यशवी शर्मा, डॉ. विनीता सिंह*	**78 - 86**
13.	लता मंगेशकर और मोहमद रफी : एक सुनहरा युग *तनु विकल, डॉ. बबली अरुण*	**87 - 95**
14.	सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव *सोनिया*	**96 - 103**
15.	**The Skills of Anganwadi Workers: Strengths and Weeknesses** *Km. Antim, Dr. Shivani Verma*	**104 - 110**
16.	**The Physiology of Sleep: Mechanisms and Functions** *Sakshi Bharadwaj, Dr. Dinesh C. Sharma*	**111 - 119**

17. Nanotechnology: Unlocking Potential across Industries While Navigating Environmental and Regulatory Challenges **120 - 125**
Astha Rawal, Dr. Neha Tripathee

18. The Role of International Trade Fair in Greater Noida for Bettering MSMEs: An Analytical Study **126 - 136**
Vandana Singh, Dr. Arvind Kumar Yadav

19. Understanding Breast Cancer **137 - 145**
Himanshi, Smt. Neetu Singh

20. 'Savitri' As a Future Poetry: A Review **146 - 156**
Shally Nagar, Dr. Apeksha Tiwari

21. A Critical Study of Market Failure in Housing Market and its Major Causes **157 – 162**
Sada Nafees Siddiqui, Dr. Sanjeev Kumar

22. Marital Rape in India: Sexual Violence in Private Space **163 - 169**
Nilanshi Sharma, Deepak Kumar Sharma

23. Gitanjali: A Saga of Intense Emotions and Love **170 - 179**
Chavi Sharma, Dr. Apeksha Tiwari

24. Collaborations between MSMEs and Higher Education Institutions in India: Sector-Specific Opportunities, Challenges, and Impact **180 - 189**
Himani Shisodia, Dr. Arvind Kumar Yadav

25. Three Language Policy: Does India Really Need It **190 - 197**
Sakshi Tanwar, Dr. Sanjeev Kumar

26. Reviewing Nai Talim **198 - 205**
Aparna Chaudhary

27. National Education Policy: 2020 Era of Educational Enlightenment **206 - 216**
Soni Singh

28. Jane Austen's Examination of Social Class and Marriage in 'Pride and Prejudice' **217 - 224**
Nisha

29. R.K. Narayan's Malgudi: An Imaginative Locale **225 - 231**
Shivani

30. Women's Contribution in Amitav Ghosh's 'The Shadow Lines' **232 - 238**
Parul

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

गांधी, गांधी दर्शन, जीवन मूल्य और समाज विज्ञान

- **सृष्टि–Author**
- **ज्योति–Author**
- **डॉ. किशोर कुमार–Corresponding Author**

इतिहास में ऐसे असंख्य उदाहरण हैं, जिनमें एक व्यक्तित्व ने अपने समय, काल और परिस्थितियों को इतना अधिक प्रभावित किया कि उस युग को उनके नाम पर ही विमर्श प्राप्त हुआ। महात्मा गांधी ऐसे ही व्यक्तित्व है। वैश्विक परिदृश्य में सिकन्दर, नेपोलियन, बिस्मार्क, मार्क्स आदि यथा भारतीय परिप्रेक्ष्य में गौतम बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक, राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डॉ. अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया, इंदिरा गांधी, जय प्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी आदि को एक युग का प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाला कहा जा सकता है। महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की उपलब्धि यह है कि उत्तर आधुनिक वैश्विक परिदृश्य में वह और ज्यादा प्रासंगिक होते जा रहे हैं।

- एम. ए., इतिहास, द्वितीय वर्ष, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- एम. ए., इतिहास, द्वितीय वर्ष, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- प्रोफेसर, इतिहास विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

यह एक प्रमाणिक सत्य है कि एक राजनेता और एक राजमर्मज्ञ की दृष्टि में व्यापक अंतर होता है। एक राजमर्मज्ञ के लिए मानवता, देशभक्ति और राजधर्म उसकी प्राथमिकता मे होते है, साथ ही वह यह भी परिकल्पना करता है कि आगामी वर्षो में देश किस दिशा और दशा में प्रगति करे, वहीं एक राजनेता की दृष्टि आगामी चुनाव में सत्ता प्राप्ति तक सीमित होती है। आजादी के 77 वर्ष पश्चात भी सत्ता को पहली मंजिल मानने वाले राजनेताओं ने स्वयं को ब्रिटिश औपनिवेशिक चरित्र से अलग नहीं किया है और प्रसिद्ध औपनिवेशिक नीति 'बाटों और राज्य करो' को प्रत्येक दल ने अपनी मुख्य आन्तरिक नीति में शामिल कर लिया है। तुष्टिकरण और ध्रुवीकरण शताब्दी से राजनीति का एक अभिन्न हिस्सा रहा हैं, विडंबना यह है कि यह आज भी विद्यमान है। कथित बुद्धिजीवी एवं मीडिया के लोग भी इन्हीं आधारों पर समाज का विश्लेषण कर साम्प्रदायिक एवं जातीय नेतृत्वकर्ताओं की तरह समाज को बांटने का कार्य कर रहे होते हैं। चुनावों के दौरान मुख्य भारतीय मीडिया के कथित सम्मानित पत्रकार भी विभिन्न दलों की सीटों की अनुमानित संख्या का आकलन इसी आधार पर करते है कि किस जाति और धर्म के लोग किस दल के साथ संलग्न हैं, मुद्दे, सुधार की सम्भावना, नवीन भारत का निर्माण, लोकतंत्र के चारों स्तंभों में प्रासंगिक सुधारों की आवश्यकता, मुद्दा तो बनता है, पर प्राय अप्रासंगिक मुद्दों में गौण हो जाता हैं, निःसन्देह यह भारत के लिए अच्छे लक्षण नहीं है। महात्मा गांधी साध्य (लक्ष्य) और साधन (माध्यम) दोनों में पवित्रता का दर्शन देते हैं और उसका क्रियान्वन भी करते है। गांधी अपने व्यापक दृष्टिकोण, विभिन्न क्षेत्रों के अंतिम सत्यों को जानने का सतत प्रयास, विशेषकर धर्म, राजनीति, मानवता आदि को जानने, समझने और प्रयोग की अभीप्सा उन्हें अपने समकक्ष समस्त राजमर्मज्ञों से आगे स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करती है, और वह धर्म के स्वरूप को आध्यात्मिकता के आधार पर उल्लेखित कर एकता, समन्वय एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही धर्म का वास्तविक स्वरूप है। इस सर्वमान्य जननेता के विचार भारतीय जनमानस की सामान्य इच्छा से तारतम्य स्थापित करते हैं और उनके समस्त प्रयास बौद्धिक से आत्मिक स्वरूप को प्राप्त कर लेते हैं इसलिए

महात्मा बन जाते हैं। यह आत्मिक चिंतन और इस चिन्तन का अक्षरशः क्रियान्वयन उन्हें एक सामाजिक, राजनीतिक संत के रूप में स्थापित कर देता है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि उन्होंने जो सिद्धांत प्रतिपादित किये उन्हें पहले अपने जीवन में उसी कथन स्वरूप में लागू किया। उनका कोई भी दर्शन एवं कृतित्व प्रतीकात्मक और समारोह प्रदान नहीं था। स्वच्छता अभियान भी उनकी जीवनचर्या का अंग था, न कि उसका प्रतीकात्मक स्वरूप। चरखा कातना, अस्पृश्यता निवारण उनकी जीवनचर्या का हिस्सा था, न कि वर्तमान राजनीतिक व्यक्तियों–दलों के द्वारा आजकल किया जाना वाला सांकेतिक कार्य। जब कोई जीवन के विभिन्न पक्षों में समग्र रूप से अहिंसा आधारित सकारात्मक क्रांतिकारी विचारधारा को जीवन में पूर्णतः आत्मसात कर लेता है तब हम कह सकते हैं वह व्यक्ति गांधी का अनुयायी है।

गांधी दुनिया के समस्त सामाजिक विज्ञानों में मात्र स्वतंत्रता संघर्ष में अपने योगदान एवं राजनीतिक भूमिका के कारण स्थापित नहीं हो गए हैं, यह स्थान उनके पूर्णतः मानवतावादी वैश्विक दर्शन की व्यापकता का वस्तुनिष्ठ परिणाम है। सत्याग्रह–अहिंसा के माध्यम से गांधी जी सत्य के द्वारा असत्य को, अहिंसा के द्वारा हिंसा को परास्त करने का नैतिक शस्त्र प्रदान करते हैं और भारतीय जनजातियों के आंदोलन, देशी राज्यों का अपने हितों के लिए संघर्ष, 1857 का स्वतंत्रता संग्राम, एवं कांग्रेस की स्थापना और बुद्धिजीवियों के सतत परन्तु एकान्तिक आन्दोलन को अनेकान्तवादी जन–आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करते हैं। गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व के आयाम इतिहास, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, पर्यावरण विज्ञान, प्रबंधन, समाजशास्त्र, स्वच्छता. भाषा और साहित्य आदि के विषय तक ही सीमित नहीं हैं इनसे इतर भी उसकी व्यापकता है। भारतीय राजनीति में लोकतंत्र का सच्चा पारदर्शी और जवाबदेह स्वरूप प्राप्त करना अद्यतन एक परिकल्पना है। समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति अपनी मेहनत, क्षमता और ईमानदारी से सर्वोच्च पदों पर अपना स्थान बना सके, ऐसा बेहतर माहौल बनाना हम सभी का दायित्व हैं और सत्ता के

विकेन्द्रीकरण, नागरिकों के जीवन में यथा सम्भव न्यूनतम हस्तक्षेप गांधी जी के दर्शन का एक उपांग है।

यह एक विडम्बना ही है कि आजादी के सात दशक में हम जीवन मूल्य एवं रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था स्थापित नहीं कर पाये। महात्मा गांधी की वर्धा शिक्षा योजना के माध्यम से हमें शिक्षा के व्यवहारिक पक्ष से बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उन सभी संकल्पनाओं को अपने अंदर समाहित किये हुए प्रतीत होती हैं, परन्तु इसके व्यावहारिक अनुप्रयोग हेतु चुनौतियों का शमन करना अद्यतन एक चुनौती है। गाँधी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था एवं उद्योगपतियों के विषय में ट्रस्टीशिप का सिद्धांत प्रतिपादित करते हैं, लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना, मितव्ययिता एवं उपयोगितावादी दृष्टिकोण पर बल देते हैं। भौतिकवादी बाजार प्रणाली मे ट्रस्टीशिप का सिद्धांत और ज्यादा प्रासंगिक होता जा रहा है, इससे मिलती जुलती संकल्पना कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी द्वारा विभिन्न उद्योगपतियों समूहों (टाटा, विप्रो, इंफोसिस, माइक्रोसॉफ्ट, एचसीएल आदि) द्वारा काफी क्षेत्रों में विशेषकर शिक्षा, स्वास्थय आदि में बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया गया है, हालांकि नव उपनिवेशवादी प्रवृत्तियाँ तेजी से अमीर और गरीब के बीच की खाई में निरन्तर वृद्धि कर रही हैं, और गांधी जी इसे समय से पूर्व ही समझ चुके थे, अब यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम ज्यादा समरस समाज के निर्माण के लिए कार्य करें। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास आज हमारा लक्ष्य है, महात्मा गांधी का कथन है कि यह पृथ्वी हमारी सभी जरूरतों की पूर्ति करने में सक्षम है, परन्तु यह हमारे अनियंत्रित लालच के जिम्मेदार और पूर्ण नहीं है, आज भारतीय पर्यावरण में व्याप्त प्रदूषण हम सभी के लालच, तटस्थवाद और सुविधाभोग का परिणाम हैं। पर्यावरण संरक्षण की नीतियों और उनके क्रियान्वयन पर महात्मा गांधी ने लगभग शताब्दी पूर्व जो कार्य किये, वह आज भी पूर्णतः प्रासंगिक हैं। सामाजिक और राजनैतिक आन्दोलन मे सत्याग्रह और अहिंसा के प्रयोग ने भारत को एक अनोखी लोकतान्त्रिक और महत्वपूर्ण और प्रबल शस्त्र प्रदान किया है, चम्पारण, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा

आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, जे. पी. की सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन, अन्ना आंदोलन आदि में इस शस्त्र की शक्ति के साक्ष्य पूर्णतः उपलब्ध हैं। उपर्युक्त उदाहरण महात्मा गांधी के व्यापक वैचारिक दृष्टिकोण को स्पष्ट करने और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, जीवन दर्शन, मूल्यों और उनके समुचित और व्यापक प्रभाव को स्पष्ट करने में सक्षम है। अपने सभी आंदोलनों में उनके द्वारा चुने गए मुद्दे सदैव जनसामान्य में एक जुड़ाव पैदा करने में सक्षम थे क्योंकि वह भारत को, भारत की आत्मा को, भारतीयों के भाव को समझते थे। और यह समझ, यह दृष्टि, यह परिकल्पना उन्हें विश्व में और विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करती है, और इसलिए वह समस्त मानविकी और साहित्यिक विषयों में पूरे विश्व में निरंतरता से और ज्यादा प्रासंगिक और आधिकारिक पाठ्यक्रम में भी ज्यादा शामिल होते जा रहे हैं। यह सत्य है कि कोई भी संकल्पना, विचार और नीति को शुद्ध भाव से लागू करने पर ही उसके सही परिणाम आ सकते हैं। हम भारतीय नीतियों के सही क्रियान्वयन में अद्यतन पीछे हैं वहीं बेहतरीन नीतियाँ बनाने मे हमारी श्रेष्ठता है, हमें नीतियों की व्यवहारिकता पर भी कार्य करने की आवश्यकता है। गांधी ने जो जो विचार, दर्शन परिकल्पना, मार्ग और प्रयोग आदि हमें दिए, यदि हम उन सभी का अधिकतम या पूर्णतः क्रियान्वन कर पाये, तो हमारा भारत पूरी दुनिया को एक नयी राह देने में सक्षम होगा और यह हमसे अपेक्षित भी है।

सन्दर्भ

1. कुमार किशोर, भारत में साम्प्रदायिकताः अतीत और वर्तमान, मुहिम प्रकाशन, नई दिल्ली, 2007
2. गांधी जी, राव यू. एस. मोहन, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली, 2009
3. दोशी एस. एल., आधुनिकता, उत्तर आधुनिकता एवं नव–समाजशास्त्रीय सिद्धान्त, रावत प्रकाशन, 2015
4. कुमार किशोर, भारत में प्रतिनिधित्व एवं सामाजिक न्याय, मुहिम प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014
5. गांधी मोहनदास कर्मचन्द, सत्य के प्रयोग, राजपाल एण्ड सन्स, नई दिल्ली, 2008

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव

• सविता रावल–**Author**

• आस्था–**Author**

• डॉ. ममता सागर–**Corresponding Author**

परिचय

सोशल मीडिया इंटरनेट पर आधारित ऐसे प्लेटफॉर्म होते हैं जो उपयोगकर्ताओं को जानकारी साझा करने, अपने विचारों को व्यक्त करने, और दूसरों के साथ जुड़ने की अनुमति देते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपने विचारों, अनुभवों, और जानकारी को साझा कर सकते हैं, और दूसरों के साथ चर्चा कर सकते हैं। यह व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि दोस्तों और परिवार के साथ जुड़ना, समाचार और जानकारी प्राप्त करना, और व्यवसायिक संबंध बनाना। सोशल साइट्स यानी सोशल नेटवर्किंग साइट एक आभासी दुनिया है यहां लोग अपने–अपने दोस्तों परिवार रिश्तेदारों से जुड़े होते हैं

• एम.ए. प्रथम वर्ष, समाजशास्त्र, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• एम.ए. प्रथम वर्ष, समाजशास्त्र, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

इन साइट्स पर लोग अपने प्रोफाइल बना लेते हैं एक दूसरे से बातचीत करते हैं और अपनी फोटो एवंअनुभव शेयर करते हैं। सोशल साइट्स इंटरनेट की सबसे महत्वपूर्ण उपयोगिताओं में से एक मानी जाती है सोशल साइड बातचीत करने का एक अच्छा माध्यम प्रदान करती है। सोशल साइट संचार का सबसे बड़ा माध्यम है। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां सूचना केवल एक बटन दबाने की दूरी पर है। सोशल साइट सूचना का प्रचार करने में आज सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है सोशल मीडिया के अलग–अलग प्लेटफार्म है। जैसे फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम यूट्यूब व्हाट्सएप आदि।

युवा और सोशल मीडिया

सोशल मीडिया युवाओं पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है सकारात्मक प्रभावों में यह जानकारी शिक्षा का माध्यम बनती है लेकिन नकारात्मक प्रभावों में यह मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। सोशल मीडिया का युवा पीढ़ी पर गहरा प्रभाव पड़ता है जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों रूपों में पाया जाता है। सकारात्मक रूप से सोशल मीडिया ने युवाओं को जानकारी शिक्षा और समाज को एक नया मंच प्रदान किया है। यह अलग–अलग मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और एक दूसरे को सीखने का अवसर प्रदान करती है। हालांकि नकारात्मक प्रभाव भी स्पष्ट हैं सोशल मीडिया पर तुलना की संस्कृति अक्षर ए सुरक्षा और तनाव बढ़ती है इसके अलावा साइबर बुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएं भी बढ़ रही है जो युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। युवाओं के सोशल साइट के बढ़ते उपयोग के कारण यह जरूरी है कि वह इसका संतुलित उपयोग करें।

सोशल मीडिया के कुछ मुख्य लक्षण इस प्रकार हैं–

- **उपयोगकर्ता–जनित सामग्रीः** सोशल मीडिया पर उपयोगकर्ता अपनी सामग्री बना और साझा कर सकते हैं, जैसे कि फोटो, वीडियो, ब्लॉग पोस्ट, और ट्वीट।

- **वास्तविक समय में अद्यतनः** सोशल मीडिया पर उपयोगकर्ता अपने विचारों और अनुभवों को वास्तविक समय में साझा कर सकते हैं।

- **सामाजिक संबंधों का निर्माणः** सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को दुनिया भर के लोगों के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने का अवसर प्रदान करता है।

- **जानकारी का आदान–प्रदानः** सोशल मीडिया पर उपयोगकर्ता जानकारी साझा कर सकते हैं और दूसरों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

- **व्यक्तिगत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रताः** सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, जिससे वे अपनी पहचान और व्यक्तित्व को व्यक्त कर सकते हैं।

सोशल मीडिया का सकारात्मक पहलू

- **जागरूकता और सूचनाः** सोशल मीडिया पर व्यक्ति बहुत सारी जानकारी प्राप्त कर सकता है जैसे स्वास्थ्य शिक्षा और समाज की मौलिक समस्याएं आदि।

- **संबंधों का विकासः** यह साइट्स परिवार दोस्तों एवं रिश्तेदारों के संपर्क में रहने में सहायता करती है।

- **स्वयं व्यक्त करनाः** युवा अपनी कला विचारों को दूसरे तक पहुंचा सकते हैं।

- **समाज का निर्माणः** समान रुचि वाले व्यक्ति के साथ जोड़ने का मौका मिलता है जो उन्हें एक सार्थक समुदाय या समाज प्रदान करते हैं।

- **स्वास्थ्य शिक्षा में**: स्वास्थ्य संबंधी सलाह, बीमारियों के लक्षण और उपचार, और स्वस्थ जीवनशैली के टिप्स शामिल हैं। यह जानकारी हमें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

- **समाज की मौलिक समस्याएं**: जैसे कि शिक्षा की कमी, गरीबी, पर्यावरण प्रदूषण, और महिला अधिकार भी सोशल मीडिया पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण विषय हैं। इन समस्याओं पर जागरूकता फैलाने से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

- **समाचार और अद्यतन में**: राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाचार, राजनीतिक और आर्थिक अद्यतन, और खेल और मनोरंजन की खबरें शामिल हैं। यह जानकारी हमें दुनिया भर की घटनाओं से अवगत कराती है और हमें अद्यतन रखती है ।

- **शिक्षा और कैरियर में**: शैक्षिक संसाधन, कैरियर के अवसर, और व्यक्तिगत विकास के टिप्स शामिल हैं। यह जानकारी हमें अपने शैक्षिक और पेशेवर लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है। सोशल मीडिया कई व्यवसाईयों के लिए व्यवसाय के एक अच्छे साधन के रूप में कार्य कर रही है।

- **सामाजिक मुद्दे**: जैसे कि महिला सशक्तिकरण, बच्चों के अधिकार, वृद्धों की देखभाल, और विकलांगों के अधिकार भी सोशल मीडिया पर महत्वपूर्ण विषय हैं। इन मुद्दों पर जागरूकता फैलाने से हम समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा दे सकते हैं । सोशल साइट उन लोगों की आवाज बन सकता है जो समाज की मुख्य धारा से अलग है और जिनकी आवाज को दबाया जाता है।

नकारात्मक पहलू

सोशल मीडिया का युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव कई पहलुओं में दिखाई देता है–

- **मानसिक तनाव और अवसादः** सोशल मीडिया पर असली और नकली जीवन के बीच की तुलना करने से युवाओं में मानसिक तनाव और अवसाद हो सकता है।

- **साइबरबुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़नः** सोशल मीडिया पर युवाओं को साइबरबुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी मानसिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

- **समय की बर्बादी और उत्पादकता में कमीः** सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से युवाओं की उत्पादकता में कमी आ सकती है और उनके शैक्षिक और पेशेवर लक्ष्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

- **नकली जानकारी और भ्रामक समाचारः** सोशल मीडिया पर नकली जानकारी और भ्रामक समाचार फैलने से युवाओं को सही जानकारी की कमी हो सकती है और उनके निर्णयों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

- **व्यक्तिगत संबंधों पर नकारात्मक प्रभावः** सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से युवाओं के व्यक्तिगत संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और उनके परिवार और दोस्तों के साथ संबंधों मेंकमी आ सकती है।

- **आत्मसम्मान और आत्मविश्वास पर नकारात्मक प्रभावः** सोशल मीडिया पर असली और नकली जीवन के बीच की तुलना करने से युवाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

- **साइबर अपराधः** आज के समय को देखते हुए सोशल साइट पर बहुत तेजी से अपराध हो रहे हैं जिससे जिससे व्यक्तित्व की मानसिकता पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

- **निजता का प्रभावः** व्यक्ति को जानकारी का गलत इस्तेमाल करने पर खतरा बढ़ जाता है।

फेसबुक

फेसबुक एक स्थित निशुल्क सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है जिसके माध्यम से सदस्य अपने परिचितों के साथ संपर्क में बने रहते हैं यह मेटा प्लेटफार्म नमक निजी कंपनी द्वारा संचालित है इसका आरंभ 2004 में हाईवे के एक छात्र मार्क जुकरबर्ग वर्ग ने की थी । तब इसका नाम फेसबुक था कॉलेज नेटवर्किंग जल स्थल के रूप में आरंभ के बाद शीघ्र ही यह कॉलेज परिसर में लोकप्रिय होती चली गई कुछ ही महीना में यह नेटवर्क पूरे यूरोप में पहचाने जाने लगी अगस्त 2005 में इसका नाम फेसबुक कर दिया गया फेसबुक में अन्य कई भाषाओं के साथ–साथ हिंदी में भी काम करने की सुविधाएं हैं।

प्रभाव

1. फेसबुक से दूसरों को सामग्री साझा करके उन्हें संगठित किया जाता है ।
2. एक शोधकर्ता ने विश्लेषण किया था कि फेसबुक कैसे संबंधों के विकास को प्रभावित और मदद कर सकता है।
3. इस पूरे अध्ययन से पता चलता है कि फेसबुक मनोवैज्ञानिक स्तर पर व्यक्तियों और सामाजिक निकायों को कैसे प्रभावित कर सकता है।
4. फेसबुक की लत से आंखों में जलन नींद में खलल सर दर्द आदि जैसे शारीरिक समस्या हो सकती हैं।
5. सोशल मीडिया फेक न्यूज और सिर स्पीच फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

6. कैट फिशिंग ऑफलाइन शिकारी के काम के समान है हालांकि इसका उद्देश्य पीड़ित होने का नाटक करके उसे संकट में डालना है।

इंस्टाग्राम

इंस्टाग्राम एक फोटो और वीडियो शेयरिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। इसे 2010 में रिलीज किया गया था अब यह 25 भाषाओं में उपलब्ध है इंस्टाग्राम के जरिए आपको आपके फ्रेंड्स से उनकी लाइफ के अलग–अलग चौप्टर के जरिए जुड़ने में मदद मिलती है। इंस्टाग्राम की शुरुआत केबिन सिस्ट्रॉम और माइक करेगर नए 6 अक्टूबर 2010 को की थी। इंस्टाग्राम का पहला प्रोटोटाइप बर्बन नाम से एक वेब एप था। इंस्टाग्राम का सकारात्मक प्रभाव व्यक्तित्व को अपनी रुचि के क्षेत्र में जोड़ने नई दोस्ती बनाने में मदद करता है।

1. इंस्टाग्राम पर लोग अपने लोकेशन को भी शेयर कर सकते हैं इंस्टाग्राम पर लोग दृश्य संचार और सामाजिक संपर्क के जरिए दूसरे लोगों से जुड़ सकते हैं।
2. इंस्टाग्राम पर गोपनीयता से जुड़े कई टूल हैं जिनसे यूजर अपने अनुभव को और बेहतर बनाते हैं।
3. व्यइंस्टाग्राम के डायरेक्टर मैसार फीचर से आप दोस्तों के साथ प्राइवेट तरीके से जुड़ सकते हैं और अपने व्यवसाय ऑनलाइन वेबसाइट के जरिए आगे बढ़ा सकते हैं।
4. **व्याकुलताः** लगातार स्क्रोलिंग से उत्पादकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है व्यक्ति काम या पढ़ाई में ध्यान नहीं देता है ।
5. **फोमो छूट जाने का डरः** हर समय दूसरों की जिंदगी देखने से लोगों में खुद मैं अकेलेपन की भावना महसूस होने लगती है।
6. **बॉडी इमेजः** तस्वीरों से लोगों का अपने शरीर के प्रतिश्वास भावनाएं जगाती हैं जो आत्म सम्मान को प्रभावित कर सकती हैं।

निष्कर्ष

सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव एक जटिल और विविध विषय है। एक ओर, सोशल मीडिया ने युवाओं को जानकारी प्राप्त करने, सामाजिक संबंध बनाने, और अपने विचारों को व्यक्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम प्रदान किया है। लेकिन दूसरी ओर, इसके नकारात्मक प्रभाव भी हैं, जैसे कि मानसिक तनाव, साइबरबुलिंग, समय की बर्बादी, और नकली जानकारी का प्रसार। इसलिए, यह आवश्यक है कि युवा सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करें और इसके नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए सावधानी बरतें। इसके लिए, उन्हें सोशल मीडिया पर समय की सीमा निर्धारित करनी, अपने डेटा की सुरक्षा करनी, और नकली जानकारी की पहचान करनी चाहिए। इसके अलावा, शिक्षकों, माता–पिता, और समाज के अन्य सदस्यों को भी युवाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए और उन्हें इसके नकारात्मक प्रभावों से बचाने में मदद करनी चाहिए। अंत में, सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव एक दोहरी तलवार है, जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों परिणाम दे सकती है। इसलिए, हमें इसका उपयोग जिम्मेदारी से करना चाहिए और इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए काम करना चाहिए।

सन्दर्भ

1. रंजन श्री राजीव, सोशल मीडिया की दुनिया में युवा, पुस्तक महल, 2017
2. सिंह राजेंद्र, सोशल मीडिया और युवा, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2018
3. कुमार संजय, युवा और सोशल मीडियाः चुनौतियाँ और अवसर, मनोज प्रकाशन, 2019
4. कुमार सुनील, युवाओं पर सोशल मीडिया का प्रभावः एक अध्ययन, अनामिका प्रकाशन 2020
5. शर्मा रेखा, सोशल मीडिया का युवाओं पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव, अपेक्स प्रकाशन 2020

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

वैदिक साहित्य में पर्यावरण संरक्षण

• गौरी सिंह–**Author**

• डॉ. दीप्ति वाजपेयी–**Corresponding Author**

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है। जिसका अर्थ है, वह प्राकृतिक इकाइयां जो चेतन तत्वों को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। पर्यावरण उन सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की समष्टिगत इकाई है, जो हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। सामान्य अर्थों में हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्व, जो हमारे चारों ओर व्याप्त है, पर्यावरण कहलाते है। सिर्फ पर्यावरण ही हमें प्रभावित नहीं करता, हम मनुष्य भी अपनी समस्त क्रियाओं से इस पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार एक जीवधारी और उसके पर्यावरण के बीच अन्योन्याश्रय का संबंध है।

भारत अध्यात्म प्रधान देश है। हमारे ऋषियों, मुनियों और आचार्यों ने अध्यात्म में प्रकृति का और प्रकृति में अध्यात्म का साक्षात्कार किया। प्रकृति मानव से अलग नहीं है। मानव का प्रकृति से उतना ही गहरा सम्बन्ध है, जितना शरीर का प्राण से और प्राण का शरीर से।

• एम.ए. प्रथम वर्ष, संस्कृत, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.।
• प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.।

शरीर के बिना प्राणों की अभिव्यक्ति नहीं होती और प्राणों के बिना शरीर का अस्तित्त्व नहीं हो सकता, अतः जिस प्रकार प्राणों की सत्ता को प्रमाणित करने के लिये शरीर की आवश्यकता है। ठीक इसी प्रकार, मनुष्य और प्रकृति का अन्योन्याश्रय और अविभाज्य सम्बन्ध है। जब सृष्टि की रचना हुई तब इस सृष्टि में जीव, जंतुओं और पर्यावरण का निर्माण हुआ। प्राचीन समय में मानव पर्यावरण के अनुकूल आचरण करता था। विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थ वेदों में भी पर्यावरण चेतना को जागृत करने का प्रयास किया गया है। पर्यावरण चेतना का तात्पर्य मनुष्य का पृथ्वी पर विद्यमान अग्नि, जल, मृदा, वायु, जीवधारियों के प्रति चिंतन बोध एवं जाग्रति से है। वेदों में पर्यावरण संरक्षण की भावना से विभिन्न पर्यावरण तत्वों की देव रूप में स्तुति की गई है। परंतु आज परिस्थितियां अलग हैं। वर्तमान मनुष्यों में प्रकृति के प्रति दैवीय भाव तो क्या कृतज्ञता के भाव भी नहीं है। आज प्रकृति के साथ मानव का संबंध सामंजस्यपूर्ण नहीं है। अतः वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण की चेतना जनमानस के लिए आवश्यक है।

वेदों में पर्यावरण संरक्षण

जिस समय से मानव जाति ने संसार में अपना अस्तित्व आरंभ किया उस समय से ही शस्य श्यामला पृथ्वी पर दृष्टिगोचर प्राकृतिक तत्वों से प्रभावित मानव ने उसे अपनी स्तुति एवं रचनाओं की विषय वस्तु बनाया। प्रकृति से प्रभावित एवं प्रेरित संस्कृत का आदि साहित्य प्राकृतिक चेतना से ओत प्रोत से है। संस्कृत के प्राचीनतम ग्रन्थ वेदों में अनेक सूक्त हैं, जिनमे प्राकृतिक तत्वों का देवताओं के रूप में आह्वान किया गया है और उन्हें स्तुति योग्य माना गया है। वैदिक साहित्य में सर्वत्र प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन की कामना की गई है। यही कारण है कि तत्कालीन पर्यावरण अपने समृद्ध एवं श्रेष्ठ रूप में था, किंतु आज के समय में पर्यावरण में भीषण प्रदूषण व असंतुलन उत्पन्न हो चुका है। इसका मुख्य कारण मानव जाति के द्वारा प्रकृति को दोहन की वस्तु मानकर उसके प्रति उठाए गए प्रतिकूल कदम

है। जैसे कि– वृक्षों को अत्यधिक मात्रा में काटना, वृक्षारोपण न करना, वनों को नष्ट करना, फैक्ट्रियों से निकलने वाले घातक रसायनों एवं अन्य दूषित पदार्थों को जल स्त्रोतों में विसर्जित करना, दूषित जल को साफ किए बिना समुद्र में विसर्जित करना, अयोग्य वाहनों का प्रयोग करना आदि।

इन क्रियाकलापों के परिणाम स्वरूप आज समग्र मानव जाति अनेक समस्याओं, प्राकृतिक आपदाओं और नित–नवीन बीमारियों का सामना कर रही है। इन सभी समस्याओं के समाधान स्वरूप पर्यावरण को संरक्षित करना अनिवार्य है।

वेदों में निहित ज्ञान हमें यह प्रेरणा देता है कि हम इस प्रकृति की गोद में इसको कष्ट न पहुंचाते हुए अपना जीवन जिएं। वेदानुसार यदि मानव वायु, जल भूमि तथा प्राकृतिक घटकों को क्षतिरहित, शुद्ध व स्वच्छ रखेगा तो पर्यावरण मानव हितकारी व सृष्टि कल्याणकारी रूप में होगा ।

वायु शुद्धि– वेदों के अनुसार वायु प्राण शक्ति है। वायु के अंदर विद्यमान ऑक्सीजन को अमरनिधि कहा गया है। प्राणवायु (ऑक्सीजन) मनुष्य व सभी जीव जंतुओं को प्राण देती है और शारीरिक अशुद्धियों को दूर करती है। जिस से मनुष्य दीर्घजीवी होता है अतः वायु का शुद्ध व स्वच्छ होना अनिवार्य है। वायु में कार्बन डाई ऑक्साइड व अन्य विषाक्त गैस की मात्रा अत्यधिक होना वायु प्रदूषण की श्रेणी में आता है। वायु प्रदूषित होने से श्वास रोग व हृदय रोगों में वृद्धि होती है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर मनुष्य के लिए ऑक्सीजन छोड़ते हैं अतः वृक्षों का अधिक से अधिक रोपण आवश्यक है।

वायु की शुद्धता के लिए वैदिक साहित्य में यज्ञ का महत्व विशेष रूप से माना गया है। यज्ञ वायु शुद्धि के लिए अत्यंत प्रभावशाली है। यज्ञ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इसमें विभिन्न औषधियों व वनस्पतियों के उपयोग से स्वास्थ्य को बढ़ाने वाली वस्तुओं का वाष्पीकरण होता है। यज्ञ से वायुमंडल पर विशेष प्रभाव उत्पन्न होता है। यज्ञ को और प्रभावशाली बनाने के लिए वेदों में यज्ञ के साथ मंत्र उच्चारण का महत्व बताया गया है। मंत्र के साथ

याज्ञिक प्रक्रिया वायु शुद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः वैदिक शिक्षा के अनुसार हानिकारक केमिकल और जहरीली गैसों से वायु को प्रदूषित न करते हुए यज्ञ आदि के द्वारा वायु को शुद्ध रखने का का प्रयास करना चाहिए।

जल शुद्धि– शुद्ध जल पर सभी का अधिकार है, परंतु अमृत रूप स्वच्छ जल को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी भी है। प्राकृतिक जल स्त्रोत्र जैसे नदी, तालाब, झील, भूजल सभी जीव जंतुओं को खनिज पदार्थों व दुर्लभ गुणों से युक्त जल प्रदान करते हैं। परंतु आज इन जल स्त्रोतों की स्थिति चिंताजनक है, इस जल को पुनः संरक्षित करने के लिए इन्हें स्वच्छ रखने का संकल्प हम सभी को करना होगा। वेदों में प्राकृतिक स्त्रोत से प्राप्त जल तथा विभिन्न प्रकार के मिट्टी, लोहा, तांबा, सोना, चांदी, आदि से बने पात्र में रखे हुए जल लाभकारी खनिजों, औषधियों तथा गंधक लोह, अभ्रक आदि से संयुक्त होने के कारण सबके लिए पोषण तथा रोगनाशक है।

ऋग्वेद में नदियों को माता के समान सम्मान दिया गया है–

ता अस्मस्यं पयसा पिन्वमाना शिवादेवीरशिवद।
भवन्त सर्वा नद्: अशीमिहा भवन्तु। (ऋग्वेद 7.50.4)

नदियां जल का वहन करती हुई, सभी प्राणिमात्र को तृप्त करती हैं। भोजनादि प्रदान करती हैं। आनन्द को बढ़ाने वाली तथा अन्नादि वनस्पति से प्रेम करने वाली हैं।

जल संरक्षण पर बल देते हुए ऋग्वेद में कहा गया है कि जल हमारी माता के समान है। जल घृत के समान हमें शक्तिशाली और उत्तम बनाये। उत्तम जल जिस रूप में जहां कहीं भी हो वे रक्षा करने योग्य हैं–

आपो अस्मान्मातरः शुन्ध्यन्तु धृतेन ना धृत्व्वः पुनन्तु। (ऋग्वेद 10.17.10)

जल संरक्षण के लिए वेदों में वर्षा जल तथा बहते हुए जल के विषय में कहा है कि हे मनुष्य! वर्षा जल तथा अन्य स्रोतों से निकलने वाला जल जैसे कुएं, बावडियां आदि तथा फैले हुए जल तालाबादि के जल में बहुत

पोषण होता है। इस प्रकार के पोषक युक्त जल का प्रयोग करके वेगवान और शक्तिमान बनना चाहिए–

अपामहं दिव्यानामपां स्रोतस्यानाम्
उपामह प्रण्जनेदश्वा भवय वाजिनः। (अथर्ववेद 19.1.4)

जल को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए तथा हमारे प्रयास इस तरह से रहें कि जल प्रदूषित न करें। इस विषय में यजुर्वेद में कहा गया है कि जल को नष्ट मत करो–

मा आपो हिंसी। (यजुर्वेद 6.22)

शुद्ध जल अमृत के समान जीवन दायक व औषधि के समान जीवन रक्षक है। वेदों में जल को शुद्ध रखने तथा शुद्ध करने के उपाय वर्णित हैं। इसमें वरुण, विश्वादेवारू तथा वैश्वानर आदि देवों को अग्नि प्रविष्ठ बताया है। ये सभी प्रदूषित जल को शुद्ध करने में सहायक हैं। यजुर्वेद में मंत्रों द्वारा या प्राकृतिक रूप में सूर्य ताप को जल में पहुंचाना भी जल को शुद्ध करने का एक विशिष्ट उपाय बताया है। कुश (एक घास) भी जल को शुद्ध करने में सहायक होती है ।

भूमि शुद्धि– यजुर्वेद में कहा गया है कि हे पृथ्वी माता ! न हम तुम्हारी हिंसा करें न तुम हमारी हिंसा करो। यहां भूमि की हिंसा का अर्थ मानव द्वारा किया गया भूमि दोहन, भूमि प्रदूषण व वनों को उजाड़ देना है। इसका मुख्य कारण अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि, मानव की अधिक से अधिक प्राप्त और संग्रह करने की भावना है। पृथ्वी का भूभाग सीमित है। उसमे जीव जंतुओं, वनस्पतियों और अन्य प्राकृतिक वस्तुओं का संतुलन अनिवार्य है। आज मानव जाति के कार्यों से प्रकृति असंतुलित हो रही है। दुर्लभ वनस्पति युक्त वन खत्म होने की कगार पर हैं, खेतों में एक ही प्रकार की फसल भूमि पर लगातार खेती करने से, ज्यादा उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग करने से मिट्टी बेजान हो चुकी है। भूमि माता की यह दुर्दशा असहनीय है। आज आवश्यकता है कि हम भूमि में पैदा होने वाले वनस्पतियों

और वृक्षों को न काटे, बचे हुए वनों को न उजाड़े। एक ही स्थान पर निरंतर समान फसल न उगाएं। भूमि को संरक्षित करें।

वेदों में भूमि की माता रूप में स्तुति की गई है–

'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः'।

समय समय पर इसको स्वच्छ रखने के लिए और वनों और वनस्पतियों से इसे युक्त रखने की कामना की गई है। वेदों में भूमि संरक्षण के उपायों का भी वर्णन मिलता है। भूमि की नष्ट हुई उपजाऊ शक्ति को पुनः स्थापित करने के लिए– कुछ समय के लिए भूमि को खाली छोड़ देना चाहिए। शुद्ध वायु, सूर्य की किरणें तथा वर्षा से उसकी पोषकता को पुनः संस्थापित किया जा सकता है ।

निष्कर्ष

वैदिक काल में ऋषियों ने पृथ्वी, जल अग्नि, वायु तथा वनस्पति की देवता मानकर प्राकृतिक स्रोतों और प्राकृतिक शक्तियों की रक्षा तथा इन्हें स्वच्छ रखने की कामना की थी। पर्यावरण संरक्षण के लिए इसके प्रति संवेदनशीलता की भावना आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया कार्य इस प्रकृति के प्रति सद्भावना रखते हुए किया जाए, तब ही सफल होगा । पेड़ लगाकर छोड़ देने से वह कभी प्रकृति में वायु शुद्धि नहीं कर सकेगा, नदी तालाब आदि जल स्त्रोतों को एक बार साफ कर देने से वे पुनः पवित्र नही हो जाएंगी। लेकिन जब हम एक उगाए गए पेड़ को अपने समझकर उसकी देखभाल करेंगे,जल स्रोतों को साफ करके उन्हें स्वच्छ रखना अपना दायित्व बना लेंगे, उस समय से ही पर्यावरण स्वस्थ व संरक्षित होना आरंभ हो जाएगा।

प्रकृति में सेल्फ हीलिंग पावर होती है। वह अपने आप को पुनः संरक्षित कर सकती है। हमे आवश्यकता है तो इसके अनुकूल रहने की तथा पर्यावरणीय नैतिकता को अपनाने की। विभिन्न वैदिक सूक्त हमे पर्यावरण

के प्रत्येक तत्व के महत्व पर दृष्टि डालते हुए उनके प्रति शुभकामना रखने की प्रेरणा देते हैं।

आज हमारा देश विश्वबंधु के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। इसके साथ हमे आवश्यकता है पर्यावरण बंधु बनने की, पर्यावरण संबंधी वैदिक ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा को संपूर्ण विश्व तक पहुंचाने की, जिससे पुनः वैदिक काल के समान प्रकृति अपने समृद्धतम रूप में हो। मनुष्य और प्रकृति का संबंध समरसता पूर्ण हो, आज इस तथ्य को स्वीकार करने की नितांत आवश्यकता है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ स्वयं के जीवन के साथ खिलवाड़ है। प्रकृति और प्रगति दोनों में संतुलन बनाकर चलना ही समय की आवश्यकता है। जब हमारा चिंतन, ज्ञान और कर्म वैदिक विचारधारा का अनुसरण करेगा, तभी हम सुखी स्वस्थ और समृद्धशाली होकर जीवन को स्वाभाविक रूप में जी सकेंगे। वेदोक्त शिक्षा के अनुरूप प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की भावना से किया गया संरक्षण ही प्रकृति को पुनः स्वस्थ, शुद्ध व समृद्ध बना सकता है।

संदर्भ

1. कुलश्रेष्ठ सुषमा, संस्कृत साहित्य एवं पर्यावरण, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली।
2. गोडिका निर्मला, पर्यावरण चेतना एवं संरक्षण, अविष्कार पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली।
3. द्विवेदी कपिलदेव, वेदों में लोक कल्याण, विश्व भारती अनुसंधान परिषद्, भदोही, ज्ञानपुर।
4. द्विवेदी कपिलदेव, वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, विश्व भारती अनुसंधान परिषद् भदोही, ज्ञानपुर।
5. वाजपेयी दीप्ति, संस्कृत साहित्य में पर्यावरण चेतना, मुहिम प्रकाशन, दिल्ली
6. व्यास किशोरीलाल, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण, क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली
7. त्रिपाठी विधाधर, अभिनन्दन भारती एवं संस्कृत वांड्.मय में पर्यावरण चेतना, विश्वभारती अनुसंधान परिषद् भदोही, ज्ञानपुर।

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

पर्यावरण शिक्षाः समकालीन समाज में इसकी भूमिका और लाभ

- सपना–**Author**
- सोनम–**Author**
- स्वाति–**Author**
- लेफ्टि. (डॉ.) मीनाक्षी लोहनी–**Corresponding Author**

परिचय

हमारे आसपास का वातावरण हमारे जीवन को प्रभावित करता है। हमारा कमरा, घर, गाँव या शहर, परिवार और मित्र, हवा, पानी, सूरज की किरणें और वर्षा – सभी हमारे वातावरण का हिस्सा हैं। यहां तक कि दो व्यक्तियों का वातावरण भी अलग होता है। लेकिन ये वातावरण इतने गहरे से जुड़े हुए हैं कि हम सभी एक ही वातावरण से संबंधित हैं। इस अंतर्संबंध को–

- एम.ए. द्वितीय वर्ष, भूगोल, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- एम.ए. द्वितीय वर्ष, भूगोल, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- एम.ए. द्वितीय वर्ष, भूगोल, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

पारिस्थितिकी कहा जाता है। पारिस्थितिकी शब्द ग्रीक शब्द श्ओइकोसश् से लिया गया है, जिसका अर्थ है घर। इसलिए, पारिस्थितिकी साहित्यिक रूप से सभी जीवों के घरेलू परिस्थितियों से संबंधित विज्ञान है। पारिस्थितिकी जीवों और उनके वातावरण के बीच संबंधों से संबंधित है। पहले, पुराने दिनों में, मनुष्य और पौधों सहित सभी जीवों के बीच एक प्राकृतिक संतुलन बना रहता था। वे सामंजस्य में रहते थे और प्राकृतिक वातावरण में रहते थे। लेकिन हाल के वर्षों में, तेजी से औद्योगीकरण, शहरीकरण के कारण प्रकृति प्रभावित हुई है। वातावरण क्षतिग्रस्त हो गया है और असंतुलन और विषमता है। जल और वायु प्रदूषण व्यापक हो गया है क्योंकि पृथ्वी पर विशाल वनस्पतियों के विनाश के कारण। क्योंकि वन जल संरक्षण, वायु शुद्धिकरण और मानव जीवन के लिए कई उपयोगी चीजें प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक और आपदा जो हमारे सामने है, वह तेजी से शहरीकरण के कारण है। शहरों और कस्बों में लोगों की जीवन स्थितियाँ खराब हो गई हैं। उद्योगों, बिजली संयंत्रों और मोटर वाहनों आदि के तेजी से विस्तार के कारण जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण है। हर जगह प्रदूषण है। यह लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हुआ है। व्यक्तिगत विकास पर सभी प्रभाव वातावरण बनाते हैं। वातावरण व्यक्ति के विकास पर प्रभाव डालने वाली स्थितियों या अनुभवों का समूह है। इसलिए, व्यक्ति का वातावरण उसके चारों ओर के सभी भौतिक और सामाजिक कारकों से बनता है जो उसके जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं। विभिन्न पर्यावरणीय कारक आपस में जुड़े हुए हैं। भौतिक वातावरण जीवित और निर्जीव, भौगोलिक विशेषताएं, टोपोग्राफी और जलवायु परिस्थितियां, मानव निर्मित सुविधाएं जैसे कि इमारतें, सड़कें, परिवहन और स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण सुविधाएं शामिल हैं। सामाजिक वातावरण परिवार और समुदाय जीवन, मेले और त्योहार, उत्पादन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के तरीके शामिल हैं। विभिन्न पर्यावरणीय कारक आपस में जुड़े हुए हैं। हम जानते हैं कि किसी व्यक्ति के पर्यावरण में सभी भौतिक और सामाजिक

कारक शामिल होते हैं। तभी व्यक्ति अपनी धरती पर जीवित रह सकता है। इस कारण हमारे पर्यावरण की रक्षा करना जरूरी है।

शिक्षा की भूमिका

पर्यावरण संरक्षण के संबंध में उचित जागरूकता और पर्याप्त ज्ञान और कौशल पैदा करने के लिए शिक्षा को एक महत्वपूर्ण साधन और साधन माना जाता है। इसलिए, पर्यावरण के बारे में शिक्षा, पर्यावरण के लिए शिक्षा और पर्यावरण के माध्यम से शिक्षा विकसित करना आवश्यक महसूस किया गया है। तो कुल मिलाकर, यह पर्यावरण शिक्षा होगी।

1. पर्यावरण शिक्षा को सभी स्तरों पर औपचारिक शिक्षा की संपूर्ण प्रणाली में एकीकृत किया जाना चाहिए।
2 पर्यावरण शिक्षा एक समग्र परिप्रेक्ष्य अपनाती है जो विशेष समस्याओं के पारिस्थितिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य पहलुओं की जांच करेगी।
3. पर्यावरण शिक्षा वास्तविक जीवन से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं पर केन्द्रित होनी चाहिए।
4. पर्यावरण शिक्षा का उद्देश्य मूल्यों की भावना का निर्माण करना होना चाहिए।

पर्यावरण शिक्षा के घटक

- पर्यावरण और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता।
- पर्यावरण और पर्यावरणीय चुनौतियों का ज्ञान और समझ।
- पर्यावरण के प्रति चिंता का दृष्टिकोण और पर्यावरणीय गुणवत्ता को सुधारने या बनाए रखने के लिए प्रेरणा।

- पर्यावरणीय चुनौतियों की पहचान करने और उन्हें हल करने में मदद करने का कौशल।
- उन गतिविधियों में भागीदारी जो पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान की ओर ले जाती हैं।

सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता

दुर्भाग्य से, अनुभव से पता चलता है कि पर्यावरण समुदाय में ऐसे कई लोग हैं जो सतत विकास का सही अर्थ नहीं समझते हैं। इसके अलावा, पर्यावरण समुदाय को अपनी सामूहिक व्यावसायिक जिम्मेदारी का निर्वहन ऐसे तरीकों से करना चाहिए जो सतत विकास और वैश्विक पर्यावरणीय स्थिरता की मूल आवश्यकताओं के अनुरूप हों। सतत विकास की सामान्य परिभाषा इस प्रकार है–

''विकास जो भविष्य की पीढ़ी की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है।''

संसाधन आधार अटूट नहीं है, इसका मतलब यह है कि कुछ सीमा मौजूद होनी चाहिए जिसके परे खुले अंत की आपूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की दर और वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती मांग भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता करेगी। इसलिए, यह स्पष्ट है कि सतत विकास आर्थिक विकास है जो विशेष रूप से प्राकृतिक पर्यावरण की अखंडता और स्थिरता पर निर्भर करता है और दृढ़ता से निहित है। राष्ट्रीय संसाधन प्रबंधन पिछले तीन दशकों में सतत विकास की विकसित होती अवधारणा के अनुरूप उभरा है। यदि प्रकृति का संसाधन आधार अपूरणीय रूप से समाप्त हो गया है या अपरिवर्तनीय रूप से नष्ट हो गया है, तो सामाजिक कल्याण के लिए धन सृजन के साधन गंभीर रूप से खतरे में पड़ जाएंगे। पर्यावरणीय स्थिरता के बिना, सतत विकास हासिल करना असंभव है।

सतत विकास के लिए परिचालन परिभाषा

वर्तमान में, सतत विकास के लिए कोई अद्वितीय परिचालन परिभाषा नहीं है। इसका कारण यह है कि किसी निश्चित समय में सतत विकास की दिशा में विभिन्न देशों या क्षेत्रों द्वारा की गई सापेक्ष प्रगति की तुलना करने या समय के साथ किसी देश या क्षेत्र द्वारा की गई प्रगति को मापने के लिए कोई एकल संकेतक नहीं है। यह कमी वैश्विक सतत विकास की दिशा में प्रगति में बाधा बन रही है।

सतत वैश्विक विकास की परिचालन परिभाषाः ''स्थायी वैश्विक विकास के लिए आवश्यक है कि जो लोग अधिक समृद्ध हैं वे ग्रह के पारिस्थितिक साधनों के भीतर जीवन शैली अपनाएं – उदाहरण के लिए, ऊर्जा के उपयोग में।''

इसलिए, यदि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय वैश्विक सतत विकास की एक मामूली डिग्री भी प्राप्त करने के बारे में गंभीर है, तो इसकी परिचालन परिभाषा राष्ट्रों के भीतर और उनके बीच समृद्ध लोगों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खपत में कमी पर आधारित होनी चाहिए। इस तरह की परिभाषा सतत विकास को मापने के लिए एक सरल और अद्वितीय संकेतक विकसित करने और राष्ट्रों के बीच धन और संसाधनों के अधिक न्यायसंगत वितरण दोनों का मार्ग प्रशस्त करेगी। सतत विकास की एक मामूली डिग्री हासिल करने के लिए भी उत्पादन और खपत पर अंकुश लगाया जाना चाहिए और औपचारिक शिक्षा के माध्यम से खपत को कम करने के लिए दृढ़ प्रयास किए जाने चाहिए। प्रख्यात फ्रांसीसी मानवविज्ञानी लेवी–स्ट्रॉस का विचार है कि ''मनुष्य ब्रह्मांड का एक विशेषाधिकार प्राप्त निवासी नहीं है, बल्कि केवल एक विलुप्त प्रजाति है जो विलुप्त होने पर अपने अस्तित्व के केवल कुछ धुंधले निशान छोड़ेगा''।

पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका

अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय में यह दृढ़ विश्वास है कि पर्यावरणीय समस्याओं को केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से ही हल किया जा सकता है और सतत विकास और वैश्विक पर्यावरणीय स्थिरता हासिल की जा सकती है। लेकिन सतत विकास की दिशा में प्रगति प्रकृति और पर्यावरण के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बुनियादी बदलाव पर निर्भर है। केवल इस तरह के ज्ञान के साथ ही समृद्ध लोग पृथ्वी की पारिस्थितिक क्षमता के अनुरूप कम उपभोग वाली जीवनशैली अपनाने को तैयार होंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी, चाहे कितने भी उन्नत क्यों न हों, इस मामले में मदद नहीं कर सकते। इसलिए, दृष्टिकोण में इस परिवर्तन को लाने के लिए नैतिक और नैतिक दर्शन में शिक्षा की आवश्यकता है। युवा मन में पर्यावरण का सम्मान करने वाले नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना आवश्यक है।

संचार के माध्यम से पर्यावरणीय व्यवहार परिवर्तन को समझना

कई सम्मेलनों में यह माना गया कि पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक समाधानों के अलावा यह आवश्यक है कि हर कोई पर्यावरण के प्रति अलग–अलग व्यवहार अपनाए। 'जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार' विकसित करना पर्यावरण शिक्षा के कार्यों में से एक बन गया। दुर्भाग्य से पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से व्यवहार बदलना एक कठिन कार्य साबित हुआ। एक संचार दृष्टिकोण हमें जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार का एक नया दृष्टिकोण दे सकता है। यह हमें न केवल व्यक्तिगत दृष्टिकोण से बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी इस पर विचार करने की अनुमति देता है।

ज्ञान को दृष्टिकोण और दृष्टिकोण को व्यवहार से जोड़ने वाला पहला दृष्टिकोण व्यवहार में गलत साबित हुआ और पर्यावरण शिक्षा को अपनी प्रथाओं को बदलने और विकसित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कई

पर्यावरण शिक्षा शोधकर्ता और व्यवसायी पर्यावरण शिक्षा में सुधार के लिए जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार को समझने के लिए खुद को समर्पित करते हैं। 'जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार' को ''समाज के भीतर एक व्यक्ति के संपूर्ण कार्यों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो सचेत तरीके से, इन कार्यों और पर्यावरण के बीच बारहमासी और सामंजस्यपूर्ण संबंध को ध्यान में रखता है''। संचार समाज में प्रक्रियाओं तक पहुंचने और समझाने का एक तरीका है और इसे ''किसी दिए गए समाज के व्यक्तिगत और समूह के सदस्यों के बीच विनिमय प्रक्रियाओं'' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

पर्यावरण शिक्षा का लाभ

1. कल्पना और उत्साह बढ़ जाता है

पर्यावरण शिक्षा एक इंटरैक्टिव शिक्षा है जो कल्पना को जागृत करती है और रचनात्मकता को खोलती है। जब पर्यावरण शिक्षा को पाठ्यक्रम में एकीकृत किया जाता है, तो छात्र अधिक उत्साही होते हैं और सीखने में लगे रहते हैं, जिससे मुख्य शैक्षणिक क्षेत्रों में छात्रों की उपलब्धि बढ़ जाती है।

2. अनुभवात्मक सीखने का अवसर

पर्यावरण शिक्षा न केवल कक्षा के बाहर अनुभवात्मक सीखने का अवसर देती है, बल्कि यह छात्रों को संबंध बनाने और अपनी सीख को वास्तविक दुनिया में लागू करने में सक्षम बनाती है। पर्यावरण शिक्षा शिक्षार्थियों को सामाजिक, पारिस्थितिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों के अंतर्संबंध को देखने में मदद करती है।

3. आलोचनात्मक और रचनात्मक कौशल को बढ़ाया जाता है

छात्रों को शोध करने, जांच करने, चीजें कैसे और क्यों होती हैं, और जटिल पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में अपने निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। महत्वपूर्ण और रचनात्मक सोच कौशल को विकसित और बढ़ाकर, पर्यावरण

शिक्षा सूचित उपभोक्ताओं, श्रमिकों, साथ ही नीति या निर्णय निर्माताओं की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा देने मेंमदद करती है

4. सहनशीलता और समझ का समर्थन

पर्यावरण शिक्षा छात्रों को पूरी तस्वीर समझने के लिए मुद्दों के विभिन्न पक्षों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों और विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता को बढ़ावा देता है।

5. स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित

पर्यावरण शिक्षा छात्रों को बाहर और सक्रिय बनाती है, और आज हम बच्चों में जो कुछ स्वास्थ्य समस्याएं देख रहे हैं, जैसे मोटापा, ध्यान की कमी संबंधी विकार और अवसाद, उन्हें संबोधित करने में मदद करती है। पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से अक्सर अच्छे पोषण पर जोर दिया जाता है और प्रकृति में अधिक समय बिताने से तनाव कम होता है।

6. समुदाय मजबूत होते हैं

पर्यावरण शिक्षा सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्थान और संबंध की भावना को बढ़ावा देती है। जब छात्र अधिक जानने या अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई करने का निर्णय लेते हैं, तो वे अपने पड़ोस को प्रभावित करने वाले पर्यावरणीय मुद्दों को समझने और उनका समाधान करने के लिए समुदाय को एक साथ लाने में मदद करने के लिए सामुदायिक विशेषज्ञों, दानदाताओं, स्वयंसेवकों और स्थानीय सुविधाओं तक पहुंचते हैं।

7. पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए जिम्मेदार

पर्यावरण शिक्षा छात्रों को यह समझने में मदद करती है कि उनके निर्णय और कार्य पर्यावरण को कैसे प्रभावित करते हैं, जटिल पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल का निर्माण करते हैं, साथ ही हम भविष्य के लिए अपने पर्यावरण को स्वस्थ और टिकाऊ बनाए

रखने के लिए कैसे कार्रवाई कर सकते हैं। कई पर्यावरण शैक्षिक संगठनों द्वारा पेश किए जाने वाले सेवा–शिक्षण कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों को अनुदान और अन्य संसाधनों के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं

निष्कर्ष

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय वैश्विक पर्यावरणीय स्थिरता और सतत विकास की एक मामूली डिग्री भी हासिल करने के लिए गंभीर है। संपन्न लोगों द्वारा उपभोग पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी नीतियां लागू की जानी चाहिए। हमें युवा नवोदित इंजीनियरों और अन्य विशिष्ट क्षेत्र के छात्रों में नैतिक मूल्यों का सम्मान करने के लिए अभी भी वास्तविक वातावरण में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है, जो योजनाकारों, डिजाइनरों, बिल्डरों और निर्णय निर्माताओं के रूप में अपने पेशेवर करियर में, प्रकृति और प्रकृति पर्यावरण पर मानव जाति के प्रभाव के लिए काफी जिम्मेदारी निभाएंगे।

सन्दर्भ

1. लाहिड़ी, सुदेशना, पर्यावरण शिक्षा, स्टुडेरा प्रेस 2010
2. स्टीवेन्सन, ब्रॉडी, डिलन, वाल्स, पर्यावरण शिक्षा पर शोध, रूटलेज प्रकाशन. 2012
3. रीड, एलन और डिलियन जस्टिन, पर्यावरण शिक्षा, रूटलेज प्रकाशन। 2016
4. पिन, डेविड, ई., पर्यावरण शिक्षाः परिप्रेक्ष्य, चुनौतियाँ और अवसर, नोवा साइंस पब्लिशर्स, 2017
5. शिमरे, चोंग, पर्यावरण शिक्षा शिक्षण, भारत में रुझान और प्रथाएँ। ऋषि प्रकाशन, 2019

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग की प्रासंगिकता

• नीतू पाल–Author

• डॉ. नीलम शर्मा–Corresponding Author

श्रीमद्भगवद्गीता भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में अत्यन्त सुप्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रन्थ है। यह संपूर्ण मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। श्रीमद्भगवद्गीता में कुल अठारह अध्याय एवं सात सौ श्लोकों में किंकर्तव्यविमूढ़ अर्जुन को श्री कृष्ण के द्वारा उसकी बुद्धि के प्रकाशनार्थ दिए गए उपदेशों का श्लोकबद्ध संग्रह है। गीता में ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग व राजयोग के अतिरिक्त समत्वयोग, संन्यास योग, सांख्य योग, श्रद्धात्रय योग व मोक्ष का अद्भुत संगम है। श्रीमद्भगवद्गीता प्रत्येक व्यक्ति से अपने कर्त्तव्य कर्मों, सामाजिक कर्तव्यों एवं स्वधर्म के सम्पादन का आग्रह करती है। इसीलिए यह अकर्मण्यता का विरोध करती है। वह सफलता और असफलता सुख और दुःख, जय और पराजय, लाभ और हानि, इन निम्नतर प्रवृतियों पर विजय प्राप्त करने का आदेश देती है। इसे गीता के कर्म योग के माध्यम से समझा जा सकता है। कर्मयोग अर्थात् कर्म में लीन होना। कर्मों का इस कुशलता से संपादन करना कि कर्म भी हो जाए और वे बंधन का कारण भी न बने।

• एम.ए. प्रथम वर्ष, संस्कृत, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर।
• असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर।

योगः कर्मसु कौशलम्। (श्रीमद्भगवद्गीता 2/50)

कर्म योग गीता का मुख्य या प्रधान विषय है। कर्मयोग के संबंध में श्रीमद्भगवद्गीता की सर्वप्रथम मान्यता यह है कि सभी कर्मों का त्याग करना संभव नहीं है।

न हि कश्चित्क्षमणपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सवर्रू प्रकृतिजैगुणैः ॥ (श्रीमद्भगवद्गीता 3/5)

मनुष्य एक क्षण भी कर्म किए बिना नहीं रहता। सभी अज्ञानी जीव प्रकृति से उत्पन्न सत्व, रज और तम, इन तीन गुणों से नियंत्रित होकर, परवश हुए कर्मों में प्रवृत्त किए जाते हैं। कर्म किए बिना जीवन रक्षा व शरीर का भरण पोषण भी नहीं हो सकता है।। दूसरा यदि सब कर्म करना छोड़ देंगे तो सृष्टि चक्र चलना बंद हो जाएगा। मनुष्य यदि बाह्य दृष्टि से कर्म न भी करे और विषयों में लिप्त न हो तो भी वह उनका मन से चिंतन करता है। इस प्रकार का मनुष्य मूढ़ और मिथ्या आचरण करनेवाला कहा गया है। कर्म करना मनुष्य के लिए अनिवार्य है। उसके बिना शरीर का निर्वाह भी संभव नहीं है। भगवान कृष्ण स्वयं कहते हैं कि तीनों लोकों में उनका कोई भी कर्तव्य नहीं है। उन्हें कोई भी अप्राप्त वस्तु प्राप्त करनी नहीं रहती। फिर भी वे कर्म में संलग्न रहते हैं। यदि वे कर्म न करें तो मनुष्य भी उनके चलाए हुए मार्ग का अनुसरण करने से निष्क्रिय हो जाएँगे। इससे लोकस्थिति के लिए किए जानेवाले कर्मों का अभाव हो जाएगा जिसके फलस्वरूप सारी प्रजा नष्ट हो जाएगी। इसलिए आत्मज्ञानी मनुष्य को भी जो प्रकृति के बंधन से मुक्त हो चुका है, सदा कर्म करते रहना चाहिए। अज्ञानी मनुष्य जिस प्रकार फलप्राप्ति की आकांक्षा से कर्म करता है उसी प्रकार आत्मज्ञानी को लोकसंग्रह के लिए आसक्तिरहित होकर कर्म करना चाहिए। इस प्रकार आत्मज्ञान से संपन्न व्यक्ति ही गीता के अनुसार, वास्तविक रूप से कर्मयोगी हो सकता है। धर्माचरण करके पापों का क्षय करना और अपने विकास की ओर बढ़ना परन्तु "फल की आकांक्षा न रखते हुए कर्म करना" ही कर्मयोग है। कर्मयोग हमारे आत्मज्ञान को जागृत करता

है। इसके बाद हम न केवल अपने वर्तमान जीवन के उद्देश्यों को बल्कि जीवन के बाद की अपनी गति का पूर्वाभास प्राप्त कर सकते हैं। इस योग में कर्म के द्वारा ईश्वर की प्राप्ति की जाती हैं। गीता में भगवान निरंतर कर्म करने की शिक्षा देते हैं।

कर्म दो प्रकार के होते हैं– सकाम और निष्काम।

सकाम कर्म– जहाँ बंधन के कारण हैं वहीं निष्काम कर्म बंधन मुक्त करते हैं। किसी भी कामना से प्रेरित होकर जो शारीरिक या मानसिक कर्म किए जाते है, उन्हें सकाम कर्म कहते हैं। उदाहरण स्त्री, पुरुष, धन पुत्र आदि के लिए किया गया कर्म सकाम कर्म कहलाता है। कामना प्रेरित या फलाकांक्षा के वशीभूत कर्मों का शुभ या अशुभ फल भोगना पड़ता हैं। कामना या इच्छा कभी समाप्त नहीं होती मनुष्य पुनः कामना से आक्रान्त होकर कर्म करता रहता है और उनका शुभ अशुभ फल भोक्ता रहता है। इस प्रकार कर्म की अनवरत धारा चलती रहती है। इस कर्म बंधन के कारण ही मनुष्य नानायोनियों में भटकता रहता है और दुख भोगता है। श्वेताश्वेतरोपनिषद् (5/11) में सकाम कर्म को ही नानायोनियों में भ्रमण का मूल कारण बताया गया है।

निष्काम कर्म– द्वितीय प्रकार का कर्म निष्काम कर्म है। इसमें कामनाओं का सर्वथा अभाव रहता है। जिसके कारण निष्काम कर्मों से बंधन नहीं होता क्योंकि बन्धन का मूल कारण कामना या आसक्ति का यहां अभाव है है। गीता में कर्मयोग से तात्पर्य निष्काम कर्म से ही है । निष्काम कर्मतृष्णा रहित है। तृष्णा के अभाव में कर्म करता हुआ मनुष्य फल का भोगी नहीं होता। निष्काम कर्म ही गीता मेंकर्मयोग कहा गया है।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा, ते सङ्गोऽस्तवकर्मणि॥ (श्रीमद्भगवद्गीता 2/47)

मनुष्य का केवल कर्ममात्र में अधिकार है, कर्मफल में नहीं। इसलिए मनुष्य को कभी भी कर्मों के फल का हेतु नहीं बनना है। अर्थात् सदैव वासना से

रहित होकर कम करना है साथ ही कर्महीन भी नहीं होना है अर्थात अक्रियता में मनुष्य की आसक्ति नहीं होनी चाहिए।

गीता में कहा गया है कि मन का समत्व भाव ही योग है जिसमें मनुष्य सुख–दुःख, लाभ–हानि, जय–पराजय, संयोग–वियोग को समान भाव से चित्त में ग्रहण करता है। कर्म–फल का त्याग कर धर्मनिरपेक्ष कार्य का सम्पादन भी पूजा के समान हो जाता है। संसार का कोई कार्य ईश्वर से अलग नहीं है। इसलिए कार्य की प्रकृति कोई भी हो निष्काम कर्म सदा ईश्वर को ही समर्पित हो जाता है। पुनर्जन्म का कारण वासनाओं या अतृप्त कामनाओं का संचय है। कर्मयोगी कर्मफल के चक्कर में ही नहीं पड़ता, अतरू वासनाओं का संचय भी नहीं होता। इस प्रकार कर्मयोगी पुनर्जन्म के बन्धन से भी मुक्त हो जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में कहां गया है कि कर्म में आसक्ति का त्याग करो सिद्धि और असिद्धि में संतुलित रहो सफलता और सफलता में समभाव रखना समत्व कहलाता है और यही समत्व योग है –

योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ।। श्रीमद्भगवद्गीता 2.48

अर्जुन को निमित्त बनाकर भगवान संसार को उपदेश दे रहे हैं कि तू कर्म करने में ही स्वतंत्र है फल भोगने में नहीं मनुष्य के कौन–कौन से कर्म से क्या फल है और वह फल उसे किस जन्म में प्राप्त होगा, इसका ज्ञान मनुष्य को नहीं है। फल का विधान विधाता के अधीन है।

निष्काम कर्म के दो अंग है कर्तृत्व और ममत्व का त्याग एवं आसक्ति या तृष्णा का त्याग। किसी भी शारीरिक या मानसिक कर्म में कर्तापन का अभाव तथा कामना का अभाव निष्काम कर्म कहलाता है। आसक्ति एवं अहंभाव न रखते हुए कर्म करना निष्काम कर्म है। निष्काम कर्म बंधन का साधक नहीं बाधक है। जिस प्रकार बुझे हुए बीज में वपन की शक्ति नहीं होती उसी प्रकार द्वेषभाव से रहित कर्म में बंधन की शक्ति नहीं होती। इस

प्रकार के कर्म करता हुआ मनुष्य अकर्ता ही रहता है क्योंकि इनमें फलो त्पादिका शक्ति नहीं होती है ।

प्रश्न यह है कि कर्म करने के लिए तो प्रेरणा की आवश्यकता होती है। प्रेरणा के बिना तो कर्म मनोवैज्ञानिक दृष्टि से असंभव है। कामना रहित कर्म तो हो ही नहीं सकता। यदि मनुष्य को कोई कामना ही नहीं है तो वह कर्म क्यों करें? इस संदर्भ में पूर्व में विचार किया जा चुका है कि निष्काम कर्म के दो अंग है कर्तापन और आसक्ति। इन दोनों का अभाव संभव है। अतः निष्काम कर्म भी संभव है। गीता में स्वयं भगवान ने इस प्रश्न का उत्तर दिया है कर्तापन का अभाव तभी हो सकता है जब मनुष्य समझे कि कर्म का कर्ता मैं नहीं। कर्म तो प्रकृति के गुणों के द्वारा करवाया जाता है। अतः ज्ञानी मनुष्य सभी कर्मों को प्रकृति के गुणों के द्वारा कृत मानता है–

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहंकारविमूढात्मा कर्त्ताहमिति मन्यते ॥ (श्रीमद्भगवद्गीता 3/27)

प्रकृति के तीन गुण हैं–सत्व, रज, तम। इन तीनों से ही मन, बुद्धि, अहंकार श्रोत्रादि दस इंद्रियां, शब्दादि पांच विषय उत्पन्न होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण अंतःकरण और इंद्रियां द्वारा विषयों का ग्रहण करना आदि कार्य किए जाते हैं। अज्ञानी मनुष्य स्वयं को कर्मों का कर्ता समझता है। अतः मनुष्य में कर्तृत्व का अभिमान अज्ञान के कारण ही है।

यहां जिज्ञासा होती है फिर कर्म करते हुए कैसे कर्म के अभिमान से रहित हुआ जाए। इसका समाधान श्रीमद्भगवद्गीता में किया गया है कि आसक्ति का त्याग करने के लिए अपने किए हुए कर्म ईश्वर को समर्पित कर देने चाहिए।

मयि सर्वाणि कर्माणि सन्न्यस्याध्यात्मचेतसा।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः ॥ श्रीमद्भगवद्गीता 3.30

कर्मयोगी कर्म का त्याग नहीं करता है वह केवल कर्मफल का त्याग करता है और कर्मजनित दुःखों से मुक्त हो जाता है। उसकी स्थिति इस संसार में एक दाता के समान है जो कुछ प्राप्त करने की चिन्ता कभी नहीं करता है। वह जानता है कि वह कुछ दे रहा है और बदले में कुछ माँगता नहीं और इसीलिए वह दुःख के चंगुल में नहीं पड़ता। वह जानता है कि दुःख का बन्धन 'आसक्ति' की प्रतिक्रिया का ही फल हुआ करता है। इस प्रकार अनासक्त होकर ईश्वरार्थ कार्य करने वाले व्यक्ति को दोष नहीं लगता है और वह शुभ अशुभ फल से परे होता है –

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्ग त्यक्त्वा करोति यः।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ (श्रीमद्भगवद्गीता 5/10)

श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार जो कर्म निष्काम भाव से ईश्वर के लिए जाते हैं वे बंधन उत्पन्न नहीं करते। वे मोक्षरूप परमपद की प्राप्ति में सहायक होते हैं। इस प्रकार कर्मफल तथा आसक्ति से रहित होकर ईश्वर के लिए कर्म करना वास्तविक रूप से कर्मयोग है और इसका अनुसरण करने से मनुष्य को अभ्युदय तथा निःश्रेयस की प्राप्ति होती है।

निष्कर्ष

श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार कर्मों से संन्यास लेने अथवा उनका परित्याग करने की अपेक्षा कर्मयोग अधिक श्रेयस्कर है। कर्मों का केवल परित्याग कर देने से मनुष्य सिद्धि अथवा परमपद नहीं प्राप्त करता। श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य वैशिष्ट्य है श्री कृष्ण के द्वारा अर्जुन को निष्काम कर्म का उपदेश। कर्म करते हुए भी कर्म के शुभ अशुभ फल के दोष से मनुष्य लिप्त न हो सके इसका सुंदर समाधान गीता निष्काम कर्मयोग के माध्यम से करती है। श्रीमद्भगवद्गीता कर्मयोग के माध्यम से मनुष्य को कर्मण्य बनाती है, मनुष्य सतत रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित होता है। यदि प्रत्येक मनुष्य अपने कर्तव्य कर्म का भली–भांति निर्वाह करता है तो एक सुंदर और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण होता है। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि फल की चिंता मत करो। यहां ध्यातव्य है कि जिस कार्य को सच्चे मन, ईमानदारी, पूर्ण

लगन और मेहनत से किया जाता हैं तो उसका परिणाम सोचने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। क्योंकि यदि मन संतुष्ट रहेगा कि हमने अपना शत प्रतिशत दिया है तो फिर परिणाम जो भी मिलेगा उस समय भी मन संतुष्ट रहेगा। साथ ही मनुष्य किसी भी परिस्थिति या असफलता में हताश निराश नहीं होगा क्योंकि केवल उसका कर्म करने पर ही अधिकार है, फल प्राप्ति विधाता के अधीन है, जिसमें बहुत सारे कारण कार्य करते हैं। कर्म योग की प्राप्ति के लिए भगवान कृष्ण कहते हैं कि मेरे लिए कर्म करो। जिन लोगों की ईश्वर में आस्था होती है वह ईश्वर को अर्पित करते हुए कर्म करते हैं तो ईश्वरार्पण भाव से कोई भी कार्य पूर्ण लगन निष्ठा और मेहनत से किया जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में कर्मयोग का सार है कि जो भी हम कर्म करते हैं उससे मनुष्य जाति की मदद होनी चाहिए। निष्काम कर्मयोग के द्वारा मनुष्य समाज की सेवा में संलग्न हो सकता है। इस कर्मयोग के माध्यम से मनुष्य व्यक्तिगत रूप से शांत एवं सुखी रहता हुआ स्वस्थ समाज का निर्माण करता है साथ ही सम्यक रूप से कर्मयोग के पालन से वह परम लक्ष्य मोक्ष को भी प्राप्त कर सकता है अतः श्रीमद्भगवद्गीता का यह निष्काम कर्मयोग सभी देश काल और परिस्थितियों में सदैव प्रासंगिक है ।

सन्दर्भ

1. साधले शास्त्री, गजानन शम्भु (सम्पा), श्रीमद्भगवद्गीता (शांकररामानुजभाष्या द्येकादशटीकोपेता), परिमल पब्लिकेशन्स, 1985 , दिल्ली
2. अग्रवाल मदनमोहन (अनु.) (मधुसूदनसरस्वतीकृत गूढार्थदीपिकाव्याख्योपेता), चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, 2005, दिल्ली
3. स्वामी रामसुखदास, गीता प्रबोधिनी गीता प्रेस, 2017, गोरखपुर
4. राधाकृष्णन् सर्वपल्ली, भगवद्गीता, हिंद पॉकेट बुक्स , 2004, नई दिल्ली
5. पाठक दिवाकर, भारतीय नीतिशास्त्र, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1971, पटना
6. स्वामी किशोरदास ,भारतीय दर्शन और मुक्ति मीमांसा , स्वामी रामतीर्थ मिशन, 1998 देहरादून

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

साइबर क्राइमः चुनौतियाँ और समाधान

• आँचल नागर–**Author**

• डॉ. विनीता सिंह–**Corresponding Author**

परिचय

कंप्यूटर अपराधों में कंप्यूटर सिस्टम का उपयोग करके किए जाने वाले आपराधिक कार्य शामिल हैं, जो फिशिंग, जालसाजी, साइबर–धमकाने, अश्लील साहित्य, ई–मेल की बमबारी, स्पैम, गैरकानूनी लेखों की बिक्री आदि जैसे अपराधों को भी अंजाम देते हैं। हालांकि साइबर अपराध के अपने तरीके हैं इसका सामान्य अर्थ है 'एक कानूनी त्रुटि जिसे आपराधिक शिकायतों की सहायता से देखा जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप सजा हो सकती है'। साइबर सुरक्षा को एक ऐसे अपराध के रूप में वर्णित किया गया है जिसमें एक पीसी अपराध (पाइरेसी, फिशिंग, स्पैम) के अधीन है या अपराध करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है (बाल अश्लीलता, घृणा अपराध)। साइबर अपराधी व्यक्तिगत जानकारी, वैकल्पिक रहस्यों और तकनीकों तक पहुंच का अधिकार पाने के लिए –

• एम.ए., द्वितीय वर्ष, समाजशास्त्र, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

कंप्यूटर विज्ञान का उपयोग कर सकते हैं या दुर्भावनापूर्ण या शोषणकारी उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। साइबर सुरक्षा कानून साइबर–अपराध गतिविधियों में बड़े पैमाने पर होने वाली क्षति को रोकनेया कम करने में मदद करते हैं और इंटरनेट, वेबसाइटों के उपयोग के संबंध में सूचना, गोपनीयता, संचार, मानसिक संपत्ति (आईपी) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक पहुंच की रक्षा करते हैं। ईमेल, कंप्यूटर, सेल फोन, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, जैसे रिकॉर्ड भंडारण उपकरण। इंटरनेट आगंतुकों में वृद्धि के कारण दुनिया भर में कानूनी मुद्दों की हिस्सेदारी बढ़ गई है। चूंकि साइबर कानूनी दिशानिर्देश क्षेत्राधिकार और देश के अनुसार भिन्न होते हैं, सॉफ्टवेयर एक उपक्रम है और क्षतिपूर्ति जुर्माने से लेकर कारावास तक होती है।

साइबर क्राइम की विशेषताएँ

1. **साइबर सुरक्षा की कमी:** साइबर अपराध में साइबर सुरक्षा की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सब आसानी से या बेफिक्र होकर अपना कार्य कर सके, उनके लिए सुरक्षा की जानी चाहिए अपराधी को सजा देकर। उसे ऐसी सजा दी जानी चाहिए ताकि वह कोई और व्यक्ति से करने से पहले सोच और अपराध न करें।

2. **साइबर अपराधियों की बढ़ती संख्या:** साइबर अपराधों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ने से लोगों का कृप्यूटर पर ऑनलाइन कार्य करना खतरनाक हो गया। साइबर अपराध की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सभी मनुष्य अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं।

3. **सोशल मीडिया का दुरुपयोग:** अपराध में हैकर्स सोशल मीडिया का गलत प्रयोग करते हैं। व्यक्तियों को हानि पहुंचाने, लोगों की आइडि पासवर्ड चोरी करके उसका गलत प्रयोग करके, उनका डाटा चोरी करके व्यक्ति को चोट पहुंचाते हैं। उनका कंप्यूटर और फोंस हैक करके उनके पर्सनल जानकारी हासिल करते हैं।

4. **आर्थिक नुकसानः** साइबर क्राइम से आर्थिक नुकसान हो सकता है जैसे कि ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर आतंकवाद मेरी जानकारी हासिल करना व्यक्ति को चोट पहुंचाना।

साइबर क्राइम के प्रकार

1. **जानकारी चोरी करनाः** किसी के भी कंप्यूटर से उसके पर्सनल इनफॉरमेशन निकलना जैसे कि प्रयोग करता का नाम या पासवर्ड उसका गलत उपयोग करना।

2. **जानकारी मिटानाः** किसी के भी कंप्यूटर लैपटॉप से उनके पर्सनल इनफॉरमेशन मिटाना उसकी जगह दूसरी इनफॉरमेशन डालना था कि उसको नुकसान हो सके उसे हानि पहुंचा सके।

3. **बदलाव करनाः** किसी की जानकारी में बदलाव करें उसकी जरूरत की चीजों में हेरा फेरी करना सही की जगह गलत चीजों का इस्तेमाल करना।

4. **स्पैम ईमेलः** आज के समय में अनेक प्रकार की ईमेल होते हैं जिसे कंपयूटर या फोंस को हानि पहुंच जाते हैं उन्हें इमेज से कंप्यूटर फोन में खराबी आ जाती है।

5. **हैकिंगः** वर्तमान समय में हैकिंग भी अधिक हो रही है कर सभी व्यक्तियों की आईडी हैक करके उसका गलत प्रयोग करते हैं उन्हें चोट पहुंच जाते हैं उनकी आईडी का पासवर्ड चोरी करना उसमें कुछ बदलाव करना उसका गलत प्रयोग करके उसे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाना।

6. **फर्जी बैंक कॉल्सः** वर्तमान समय में फर्जी बैंक कोर्स भी अधिक आने लगी है आपको फेक कॉल सफेद मैसेज प्राप्त होते हैं जो आपके बैंक जैसे लगे जिसमें आपसे कुछ पूछा जाए कि आपका एटीएम नंबर और पासवर्ड की आवश्यकता है और हमारे द्वारा यह जानकारी नहीं दी गई तो बोलते कि आपका अकाउंट बंद कर दिया जाएगा या इस

लिंक पर सूचना दे हमें याद करना होगा कि यह जानकारी कभी भी बैंक से नहीं दी जाती बैंक कभी कैसे जानकारी नहीं मांगता है।

7. **साइबर बुलीइंगः** वर्तमान समय में फेसबुक सोशल मीडिया जैसी नेटवर्किंग पर गलत कमेंट करना इंटरनेट पर धमकियां देना किसी की गलत बात का गलत मतलब निकालना धाम क्या देना किसी व्यक्ति को बिना वजह परेशान करना अक्सर बच्चे और लड़कियां इसका शिकार होती है इस समाज और समाज में रहने वाले व्यक्तियों पर बुरा प्रभाव पड़ता है इस जीवन पर भी गलत प्रभाव पड़ता है अगर किसी बच्चे लड़की के पास धमकी वाले मैसेज या कॉल आते हैं तो मैं अपने परिवार के साथ शेयर ना करके खुद ही गलत कदम उठा लेते हैं गलत कदम उठाने से पहले एक बार परिवार के बारे में नहीं सोचते हैं इसके कारण आत्महत्या की तरह भी बढ़ती जा रही है।

साइबर अपराध और साइबर कानून

साइबर अपराध साइबरस्पेस, जिसे कभी–कभी इंटरनेट की दुनिया भी कहा जाता है, पर हमारी निर्भरता का परिणाम है। कंप्यूटर अपराध एक उपकरण, लक्ष्य या दोनों के रूप में कम्प्यूटर का उपयोग करके किए गए अवैध कार्य हैं। पहला कंपयूटर अपराध 1820 के दशक में दर्ज किया गया था। ई–कॉमर्स (ईकॉमर्स) की विस्फोटक वृद्धि और ऑनलाइन शेयरों के आदान–प्रदान के परिणामस्वरूप साइबर अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई। साइबर दुनिया से जुड़े कानूनों और विनियमों से संबंधित प्रमुख कानून सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 है, यह अपराध जगत के बदलते और आधुनिकीकरण घटक के साथ कानून के क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाता है। विनियमन का मुख्य लक्ष्य डिजिटल वाणिज्य के लिए अपराधिक मान्यता प्रदान करना और सरकार को इलेक्ट्रॉनिक रजिस्टर जमा करने की सुविधा प्रदान करना है। कंप्यूटर कानून कई लैपटॉप अपराधों को भी अपराध मानता है और गंभीर दंड (10 साल तक की जेल की सजा और 1 रुपये तक का मुआवजा) स्थापित करता है।

साइबर नैतिकता

साइबर नैतिकता इंटरनेट के कोड के अलावा और कुछ नहीं है। जब हम इन साइबर नैतिकता का पालन करते हैं तो हमारे लिए उपयुक्त और सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने की उत्कृष्ट संभावनाएँ होती हैं। नीचे उनमें से कुछ हैं:

- विभिन्न लोगों से संवाद करने और जुड़ने के लिए इंटरनेट का उपयोग करें। ईमेल और त्वरित संदेश मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में रहना, काम के सहयोगियों के साथ बात करना और शहर भर में या दुनिया भर में लोगों के साथ विचार और जानकारी साझा करना आसान बनाते हैं।
- इंटरनेट पर धमकाने वाले न बनें। इंसानों को नाम से न पुकारें, उनके बारे में झूठ न बोलें, उनकी शर्मनाक तस्वीरें न भेजें, या उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने के लिए कुछ और न करें।
- इंटरनेट को किसी भी कठिनाई क्षेत्र में किसी भी विषय पर तथ्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी के रूप में देखा जाता है, इसलिए इस जानकारी का सही और अपराधिक तरीके से उपयोग हमेशा आवश्यक होता है।
- अब दूसरों के बिलों का उपयोग उनके पासवर्ड का उपयोग करके न करें।
- कभी भी किसी भी प्रकार के मैलवेयर को दूसरों की संरचनाओं में भेजने और उन्हें भ्रष्ट बनाने का प्रयास न करें।

साइबर क्राइम को रोकने के उपाय

- साइबर क्राइम को रोकने के लिए हमें मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए पासवर्ड को नियमित रूप से बदले।

- अपने सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट रखें।
- एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें और अपडेट रखें।
- परवल को सक्षम करें और अपने कंप्यूटर लैपटॉप को हैक होने से बचाए।
- सुरक्षित नेटवर्क का उपयोग करें पब्लिक वाई–फाई का उसे ना करें।
- अपने डेटा को नियमित रूप से बैकअप करें और सुरक्षित रखें।
- अपनी पर्सनल जानकारी ऑनलाइन या अपने सोशल मीडिया पर शेयर ना करें।
- अपने बच्चों को इंटरनेट के प्रयोग के खतरों के बारे में शिक्षित करो और उन पर नजर रखें।
- जो वेबसाइट भरोसेमंद ना हो उसे न खोले और अनजान फाइलों से दूर रहे।
- बैंकिंग और बीते लेनदेन में सतर्क रहे।
- किसी भी अनजान व्यक्ति से पर्सनल चीज शेयर ना करें।
- सोशल मीडिया पर ज्यादा पर्सनल ना हो आपको साइबर अपराध में जागरूक रहना बहुत महत्वपूर्ण है।
- साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दे कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित करें।
- तब आपका ऑनलाइन कार्य हो जाए तो हमेशा लॉगआउट करें।
- साइबर अपराध की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं होते अपराधी पीढ़ी तो तकनीकी ऑपशन संरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरी का फायदा उठाने के लिए प्रतियोगिकी के उपयोग के साथ साइबर अपराध के रूप में लेता है और लगातार विकसित होता रहता है।

- साइबर अपराधों से जुड़े कुल लागत को जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं इसलिए रोकथाम प्रणालियों और प्रौद्योगियों को लगातार लागू करने निगरानी करने और अपडेट करने की आवश्यकता अभी पढ़ रही है विदेशी विरोधियों आतंकवादियों और रोज मर के घोटाले बाजू के बीच साइबर हमले ज्यादा चालाक और ज्यादा परिक्रष्ट होते जा रहे हैं।

निष्कर्ष

साइबर क्राइम इन दिनों दुनिया भर के देशों के लिए सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। इसमें रिकॉर्ड तक अनधिकृत पहुंच और इंटरनेट का उपयोग करने वाले सभी लोगों की गोपनीयता, पासवर्ड आदि जैसी सुरक्षा का उल्लंघन शामिल है। साइबर चोरी साइबर अपराध का एक हिस्सा है, जिसमें चोरी को कंपयूटर या इंटरनेट के माध्यम से अंजाम दिया जाता है। साइबर सुरक्षा धोखाधड़ी और अपराधों की व्यापक विविधता के साथ, सरकार लोगों के हितों की रक्षा करने और उन्हें इंटरनेट पर किसी भी बुरी गतिविधियों से बचाने के लिए सूक्ष्म दिशानिर्देश विकसित कर रही है। इसके अलावा, बिचौलियों और प्रदाता वाहक (कॉर्पोरेट निकाय) के हाथों में 'गोपनीय निजी डेटा' की सुरक्षा से जुड़े सख्त कानूनी दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, इस कारण से रिकॉर्ड सुरक्षा और गोपनीयता की गारंटी दी जाती है।

संदर्भ

1. रंजन राजीव, साइबर अपराध की दुनिया, पुस्तक महल, 2017
2. सिंह राजेंद्र, साइबर अपराध और सुरक्षा, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2018
3. कुमार संजय, साइबर सुरक्षा और अपराध, मनोज प्रकाशन, 2019
4. कुमार सुनील, साइबर अपराध और कानून, अनामिका प्रकाशन, 2020
5. शर्मा रेखा, साइबर अपराध और मीडिया, अपेक्स प्रकाशन, 2020

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

अमृत काल का भारत और भविष्य की चुनौतियां

• गौरी सिसोदिया–**Author**

• डॉ. दीप्ति वाजपेयी–**Corresponding Author**

'वह पथ क्या पथिक कुशलता क्या, जिस पथ पर बिखरे शूल न हो,
नाविक की धैर्य परीक्षा क्या, यदि धाराएं प्रतिकूल ना हो।'

हिंदी के महान कवि जयशंकर प्रसाद जी की यह पंक्तियां भारत की आजादी के 75 वर्ष की यात्रा में पूर्णरूपेण खरी उतरती है। भारत ने जिस बलिदान, शौर्य, जोश, जुनून, सामूहिक शक्ति और सामूहिक चेतना से स्वाधीनता को प्राप्त किया था, भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने के लिए उसी उत्साह सामूहिक चेतना और मनोयोग की आवश्यकता अपेक्षित रही है। पराधीनता ने हमारे स्वाभिमान के साथ–साथ हमारे आत्मविश्वास को इतनी क्षति पहुंचाई कि हम स्वाधीनता पा तो गए, किंतु स्वाधीन होने में अपने अथक प्रयासों के बावजूद भी 75 वर्ष का लंबा समय हमें लगा। निसंदेह इन 75 वर्षों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जो कि हम भारतीयों के लिए गर्व स्वाभिमान और आत्मविश्वास की बुलंदियों का विषय है, किंतु यह यात्रा लंबी ही नहीं कंटको से भरी हुई भी है। बहुत

• स्नातक पंचम सेमेस्टर, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.।
• प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.।

दुरूह है, किंतु भारत की सामूहिक चेतना ठान ले तो क्या नहीं हो सकता। भारत का अतीत गौरवशाली है, वर्तमान संघर्ष पूर्ण और भविष्य उज्जवल एवं दैदीप्यमान। शंखनाद तो प्रारंभ हो चुका है जिसकी ध्वनि संपूर्ण विश्व में गूंज रही है किंतु चुनौतियां अभी भी विकराल रूप में हैं। जिन पर हमने पूर्ण मनोयोग से कार्य कर लिया तो विजय श्री अवश्यंभावी है।

1. आर्थिक विषमता

स्वाधीनता के 75 वर्षों में भारत ने विकास किया है, यह स्पष्ट और सर्वमान्य तथ्य हैं। किंतु भारतीयों के मध्य आर्थिक असमानता अभी भी चिंतनीय है। किसी भी देश के लिए सही मायने में विकसित होने का अर्थ वहां के नागरिकों के मध्य यथासंभव एवं तार्किक आर्थिक समानता होनी चाहिए। विकास तो हुआ किंतु अभी भी भारत के बहुत से क्षेत्रों और वहां के नागरिकों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने हेतु लंबी यात्रा तय करनी है। जिस पर ध्यान दिए बिना सही मायने में विकसित राष्ट्र की संकल्पना नहीं की जा सकती है।

2. प्रकृति की लय को समझना

भारतीय संस्कृति प्रकृति की कमनीय गोद में विकसित हुई है। समस्त भारतीय दर्शन और विचारधारा प्रकृति और पुरुष के अनुकूलन पर बल देती है। विकास का मतलब प्रकृति पर विजय पाना नहीं है और इस सत्य का कोरोना काल ने संपूर्ण विश्व को अंतस तक अवबोध करा दिया है। हमें प्रकृति की लय को समझना होगा उसकी गति के साथ तालमेल बैठाकर ही हम विकास को गति दे सकते हैं, अन्यथा विनाश अटल है। प्रकृति का असीमित दोहन हमारे अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा रहा है ''माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्या'' का भाव धारण कर कृतज्ञ होकर प्रकृति के संरक्षण को प्राथमिकता में सर्वोपरि रखना होगा, यह भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व के अस्तित्व का मूलाधार है।

3. शैक्षिक परिदृश्य

शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की आधारशिला और सकारात्मक परिवर्तन का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है। स्वाधीनता के 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में जितना भी कार्य किया गया है, आवश्यकता उससे अधिक की है। नई शिक्षा नीति 2020 निसंदेह भारत के उज्जवल भविष्य की अनंत संभावनाएं लेकर आई है। जिसमें युवा शक्ति को भारतीयता के गौरव बोध के साथ कुशल एवं वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करने की संकल्पना निहित है, किंतु संकल्प से सिद्धि का मार्ग सहज नहीं है। वास्तविक चुनौती नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की है। सिद्धांत को व्यावहारिक धरातल पर लाने के लिए शिक्षण संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षकों एवं सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से शैक्षिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव आएंगे, इसके प्रति युवा शक्ति आशान्वित है।

4. स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार

कोरोना काल की भयावहता से आज कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। विगत 2 वर्षों से निराशा तनाव अवसाद से कहीं ना कहीं सभी ग्रस्त हैं कमोबेश सभी के दर्द साझे है। किसी अपने की जिंदगी के लिए जूझते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की आवश्यकता सभी ने किसी न किसी स्तर पर अनुभव की है। भारत में चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार किया जाना एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। खतरा अभी पूरी तरह से टला भी नहीं है, और ना जाने इस प्रकार के कितने से खतरे अदृश्य रूप में है, जो भविष्य में दानव रूप में प्रकट होकर सृष्टि के संहार का कारण बन सकते हैं। हमें इन सब अदृश्य जीवाणुओं–विषाणुओं रूपी दानवों को भस्म करने के लिए भगवान शिव के तृतीय नेत्र के समान सतत स्वास्थ्य पर बल देने एवं चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और उच्चीकरण की आवश्यकता है।

5. भ्रष्टाचार और आतंकवाद का समूल उन्नमीलन

समावेशी एवं सतत विकास की गौरवपूर्ण गाथा में शांति, समृद्धि एवं सभी की साझेदारी सुनिश्चित करने के लिए भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसे ज्वलंत मुद्दे मानवता के प्रति अपराध है। इनके समाधान की नितांत आवश्यकता है। शांति मानव की सबसे बड़ी आवश्यकता और अधिकार भी है। संपूर्ण सृष्टि शांतिपूर्ण होनी चाहिए। प्रगति के लिए यह पहली शर्त शांति है। आतंकवाद का कोई धर्म और जाति नहीं होती। यह मानवता के लिए भयावह है। भ्रष्टाचार और आतंकवाद विगत दशकों से भारत के लिए विकराल चुनौती बना हुआ है। शांति की सुस्थापना और सावयविक वातावरण के निर्माण के लिए भ्रष्टाचार और आतंकवाद का समूल नाश भारतीय चुनौतियों में शीर्ष स्तर पर है।

6. बेरोजगारी और महंगाई

भारत द्वारा विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के साथ–साथ, आज इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि बेरोजगारी और महंगाई वर्तमान समय में भारत के लिए एक बड़ी समस्या है। सरकार आज आत्मनिर्भर भारत के लिए नई–नई योजनाएं ला रही है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी कौशल विकास पाठ्यक्रम को विशेष महत्व दिया गया है। इनोवेशन और इनक्यूबेशन केंद्र खोले जा रहे हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नौकरी के विकल्प के रूप में स्वरोजगार की राह दिखाई जा रही है, किंतु अभी भी स्थिति चिंताजनक ही है। सैद्धांतिक रूप में बनी बहुत सारी योजनाएं व्यावहारिक रूप में सफल नहीं हो पा रही है। विशाल जनसंख्या वाले भारत देश में युवाओं को रोजगार देना स्वयं में एक बड़ी चुनौती है। निसंदेह हमें इस पर और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।

रोजगार के साथ–साथ बढ़ती महंगाई पर काबू पाना दूसरी बड़ी चुनौती है। निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए आवश्यक आवश्यकताओं को भी पूर्ण कर पाना कठिन हो रहा है। गरीबी और बेरोजगारी से जूझते गंदी

बस्तियों में निवास करने वाले परिवारों की भोजन और वस्त्र जुटाने में ही जिंदगी निकल जाती है। शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं के बारे में तो उनके पास विचार करने का भी वक्त नहीं है। हमें समाज के उपर्युक्त वर्ग के लिए और भी अधिक ठोस कदम उठाने होंगे, तभी विकसित भारत का सपना यथार्थ रूप ले सकता है।

7. संप्रदायवाद एवं जातिवाद से मुक्ति

कितना सुंदर होगा वह समाज जिसमें मानव को मानव के रूप में देखा जाए, न कि किसी जाति धर्म संप्रदाय के तथाकथित विभाजन के आधार पर। किसी भी उपवन की सुंदरता वहां पर खिलने वाले फूलों की विविधता पर,उनके रंग–बिरंगे मनोहारी स्वरूप पर निर्भर करती है, न कि इस बात पर कि वह गुलाब का पुष्प है, या गुड़हल का, चांदनी है, या चमेली। वह तो उपवन है जिसे इन सभी फूलों ने अपने रंग, सुगंध और रूप की विविधता के आधार पर दर्शनीय बना दिया है। इसी प्रकार भारत का हर नागरिक भारतीय है और इस भारत रूपी सुंदर बगिया को रंग बिरंगा और हृदयाकर्षक स्वरूप देने में हर धर्म जाति संप्रदाय के मानवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें अपनी संकीर्ण सोच से ऊपर उठते हुए समानता और समभाव रखते हुए समावेशी समाज के निर्माण के लिए संप्रदायवाद एवं जातिवाद से मुक्त होने की नितांत आवश्यकता है। भारत में जाति और संप्रदाय की बेड़ियां बहुत मजबूत है। विगत 75 वर्षों में जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता, ऊंच–नीच जैसे मानवता के शत्रुओं पर काफी हद तक विजय प्राप्त की जा चुकी है, किंतु अभी भी इसकी जड़ें मजबूत हैं। भारत को वास्तविक अर्थों में भारत बनाने के लिए, वसुधैव कुटुंबकम के भावों की पुनर्स्थापना के लिए, जातिवाद और संप्रदायवाद को जड़ से उखाड़ने और अस्तित्व विहीन करने की बड़ी चुनौती है। किंतु असंभव कुछ भी नहीं है हमें यह करना है और निसंदेह हम यह करके रहेंगे हम भारत को पुनः सामूहिक चेतना से युक्त संगठित शक्ति के रूप में स्थापित करने हेतु

कटिबद्ध है। हर भारतीय को अपने स्तर से इस पुनीत कार्य में मन वचन कर्म से अपना सहयोग देना चाहिए।

निष्कर्ष

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारतीयों के लिए गौरव को अनुभव करने का समय है, उल्लास और उत्साह का समय है, साथ ही समय है संकल्प का, दृढ़ निश्चय का, प्रतिबद्धता का समभाव को जागृत करने का और सामूहिक चेतना के साथ एकीकृत हो कर भारत को पुनः विश्व पटल पर आलोकित करने का। संकल्प अगर सच्चा है, शुद्ध है, अंतरात्मा में समाहित है, तो सिद्धि अटल है। 'वयं राष्ट्रे जागृयांम पुरोहिताः'।

संदर्भ

1. अरोरा पंकज, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020–रचनात्मक सुधारों की ओर, उषा शर्मा, शिप्रा पब्लिकेशन दिल्ली ।
2. कोठारी अतुल, शिक्षा नीति 2020 भारतीयता का पुनरुत्थान, प्रभात प्रकाशन दिल्ली।
3. https://www.drishtiias.com/hindi/blog/india-@-75-major-achievements-after-independence
4. https://sablog.in/75-years-of-independence-resolutions-andchallenges/16922/
5. https://newstrack.com/country/75th-independence-day-futurechallenges-for-india-corruption-naxalism-and-terrorism-debt-crisis-unemployment-expensiveness-education-system-282973

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

महिला सशक्तिकरणः वास्तविकता या मिथक

- **नीति नागर–Author**
- **निशा नागर–Author**
- **डॉ. कविता वर्मा–Corresponding Author**

परिचय

सशक्तिकरण एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है जो की महिलाओं को उनके अधिकार व समानता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए काम करता है हमारे ग्रंथो में भी नारी को महत्व देते हुए यह बताया गया है। ''यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता'' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वह देवता निवास करते हैं लेकिन हमारे समाज में महिलाओं के प्रति अपराध इतने बढ़ गए हैं कि आज महिला स्वयं को किसी भी स्थान पर सुरक्षित नहीं पाती है इसलिए हमें उसके सशक्तिकरण की आवश्यकता महसूस हो रही है महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकारों,

- एम.ए., प्रथम वर्ष, समाजशास्त्र, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- एम.ए., प्रथम वर्ष, समाजशास्त्र, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

भागीदारी के लिए सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिला सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य महिलाओं को समाज में समान अधिकार और अवसर प्रदान करना है। यह महिलाओं को उनके जीवन में निर्णय लेने की शक्ति देने, उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने, और समाज में उनकी भूमिका को महत्व देने के बारे में है। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाएं अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं, अपने अधिकारों के लिए लड़ सकती हैं, और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। महिला सशक्तिकरण से हमारा समाज उन्नति व प्रगति की ओर बढ़ेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन होगा इससे महिलाओं के जीवन में परिवर्तन होगा वह स्वयं को स्वतंत्र व सुरक्षित महसूस करेगी। लेकिन क्या यह वास्तव में एक वास्तविकता है या सिर्फ एक मिथक है?

महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य

महिला सशक्तिकरण के कुछ मुख्य उद्देश्य हैं–

1. **महिलाओं को शिक्षा और जागरूकता प्रदान करनाः** महिला सशक्तिकरण के लिए सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण कदम है उन्हें शिक्षा और जागरूकता प्रदान करना। इससे वे अपने अधिकारों और समाज मेंउनकी भूमिका के बारे में जागरूक हो सकती हैं।
2. **महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनानाः** महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना, व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता देना, और आर्थिक साक्षरता के बारे में जागरूक करना आवश्यक है।
3. **महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनानाः** महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए उन्हें नेतृत्व और प्रबंधन के कौशल विकास के अवसर प्रदान करने चाहिए। इसके अलावा, उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक करना आवश्यक है।

4. **महिलाओं को सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी के अवसर प्रदान करना:** महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक संगठनों में शामिल होने के अवसर प्रदान करने से भी उन्हें सशक्त बनाने में मदद मिल सकती है।

5. **उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना:** महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। इससे वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं और समाज में अपनी स्थिति को बेहतर बना सकती हैं।

महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता

भारत में महिला सशक्तिकरण के बहुत कारण सामने आए हैं। प्राचीन काल की अपेक्षा मध्यकाल में भारतीय महिलाओं के सम्मान के स्तर में काफी कमी आई है । भारत में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाना की मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह मुख्य रूप से मौजूदा सामाजिक मौजूदा सामाजिक रीति–रिवाजो के कारण है हाल के अध्ययनों से पता चला है कि परिवार में कम उम्र की लड़कियों को बोझ समझा जाता है। वर्तमान समय में बलात्कार के मामले बढ़ रहे हैं जो हमें महिला आबादी की सुरक्षा के बारे में पहल करने के लिए मजबूर करते हैं। इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए महिला सशक्तिकरण बहुत ही आवश्यक है।

महिला सशक्तिकरण की वास्तविकता

महिला सशक्तिकरण धीरे–धीरे हकीकत बन रहा है। सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नई–नई योजनाएं बनाई जा रही हैं, ताकि योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपनी स्थिति में सुधार कर सकें। हमारे संविधान में भी लैंगिक रूप से सभी को समान बताया गया है। संविधान के मुताबिक पुरूष व महिलाओं को समान अधिकार दिए गए हैं

दोनों ही स्वतंत्र रूप से अपने लिए निर्णय ले सकते हैं, उन्हें अपने जीवन स्वतंत्र रूप से बिताने की आजादी है।

सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाए गई कुछ योजनाएंः

1. TREAD योजना पर संबंधित उद्यमिता सहायता और विकास योजना,
2. महिला शक्ति केंद्र योजना,
3. जिला उद्यमियों के लिए महिला ई–हाट,
4. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना,
5. उज्ज्वला योजना,
6. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना।

इन सभी योजनाओं के माध्यमों से पता चलता है कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए नई–नई योजनाएं बना रही है किसी और पर आर्थिक रूप से निर्भर नए रह सके।

महिला सशक्तिकरण के लिए कई अधिकार दिए गए हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैंः

- **समान वेतन का अधिकारः** समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार, लिंग के आधार पर वेतन में कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है।
- **कार्य–स्थल में उत्पीड़न के खिलाफ कानूनः** यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत, वर्किंग प्लेस पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का पूरा हक है।
- **कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकारः** गर्भाधान और प्रसव से पूर्व पहचान करने की तकनीक लिंग चयन पर रोक अधिनियम (PCPNDT) कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार देता है।

- **संपत्ति पर अधिकारः** हिंदू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत, पुश्तैनी संपत्ति पर महिला और पुरुष दोनों का बराबर हक है।

आज की महिलाएं जागरूक हो गई है वह अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो गई हैं। बाहर जाकर पढ़ने ओर नौकरी करने की स्वतंत्रता प्राप्त है, महिलाएं–पुरुष से आज कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषो से आगे निकल रही हैं चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल हो, व्यापार हो, राजनीति हो आदि। आज महिलाएं स्वयं अपने सभी निर्णय ले रही हैं। वह आत्मनिर्भर बन रही है और स्वयं अपनी जिम्मेदारी उठा रही है।

महिला सशक्तिकरण मिथक

हमारे समाज में यह मिथ्या बनाई हुई है कि स्त्रियां पुरुषों से कमजोर होती हैं। परिवार में लड़कियों एवं लड़कों के बीच भेदभाव किया जाता है पोषक आहार, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं शिक्षा से उन्हें दूर रखा जाता है। महिलाओं को हमेशा उपभोक्ता ही माना जाता रहा है। हर जगह महिलाओं के खिलाफ अपराध व घरेलू हिंसा एक आम बात हो गई है।

महिलाओं के प्रति बढ़ती हुई कुछ हिंसाएं व अपराध– महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की एक लंबी सूची है, जिनमें से कुछ सबसे गंभीर और चिंताजनक हैं–

1. महिला भ्रूण एवं शिशु हत्याः महिला भ्रूण और शिशु हत्या एक ऐसा अपराध है जिसमें गर्भ में ही लड़कियों को मार दिया जाता है या जन्म के बाद उन्हें मार दिया जाता है, क्योंकि समाज में लड़कों को अधिक महत्व दिया जाता है।
2. घरेलू हिंसाः घरेलू हिंसा एक और गंभीर समस्या है जिसमें महिलाएं अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करती हैं।

3. इच्छा के विरुद्ध विवाहः इच्छा के विरुद्ध विवाह भी एक ऐसी समस्या है जिसमें महिलाओं को उनकी मर्जी के बिना विवाह करने के लिए मजबूर किया जाता है

4. बलात्कारः बलात्कार एक ऐसा अपराध है जिसमें महिलाओं की इच्छा के विरुद्ध उनके साथ यौन संबंध बनाए जाते हैं।

5. वेश्यावृत्ति के लिए बल प्रयोगः वेश्यावृत्ति के लिए बल प्रयोग करना भी एक गंभीर अपराध है जिसमें महिलाओं को वेश्यावृत्ति में धकेल दिया जाता है।

6. एसिड हमलेः एसिड हमले एक ऐसा अपराध है जिसमें महिलाओं पर एसिड से हमला किया जाता है, जिससे उनका चेहरा और शरीर क्षतिग्रस्त हो जाता है।

ये अपराध महिलाओं के जीवन को पूरी तरह से बदल देते हैं और उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित करते हैं। हमारा समाज चाहे कितनी भी उन्नति कर ले लेकिन महिलाओं के प्रति हिंसा एवं अपराध कभी काम नहीं होंगे। हमेशा महिला और पुरुष के बीच भेदभाव किया जाता रहा है और होता रहेगा यह वास्तविकता है। हमारे समाज में अभी भी महिलाएं बहुत कम शिक्षित एवं जागरूक हैं वह इतनी सशक्त नहीं है। वे अपने निर्णय स्वयं नहीं ले सकती हैं और ना ही अपनी जिम्मेदारी स्वयं उठा पा रही हैं। महिलाएं अभी भी अपने पिता एवं पतियों पर ही आर्थिक रूप से निर्भर हैं, उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है।

निष्कर्ष

इस अध्ययन से हमने यह निष्कर्ष निकला है कि महिला सशक्तिकरण एक वास्तविकता और मिथक दोनों है हमने कई प्रयास किए हैं लेकिन अभी भी बहुत काम करने बाकी हैं। हमें मिलकर इस पर काम करना होगा, ताकि महिलाएं अपने अधिकारो और समानता की दिशा में आगे बढ़ सके महिला सशक्तिकरण पूरी तरह से न ही वास्तविकता है और न हीं मिथक। इन –

अपराधों को रोकने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना, कानूनी प्रावधान करना, और पीड़ित महिलाओं को समर्थन देना आवश्यक है। हमें महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें समाज में समान दर्जा दिलाने के लिए काम करना चाहिए।

सन्दर्भ

1. मिश्रा, डॉ. मृदुला, महिला सशक्तिकरण के मुद्दे, मनोज पब्लिकेशन्स, 2016
2. शर्मा, डॉ. रीता, महिला सशक्तिकरण की राहें, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2017
3. शर्मा, डॉ. शशि, महिला सशक्तिकरणरू चुनौतियाँ और अवसर, राजपाल एंड सन्ज, 2018
4. कुमार, डॉ. विनोद, महिला सशक्तिकरणः एक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण, रावत पब्लिकेशन्स, 2019
5. कुमार, डॉ. प्रमोदः महिला सशक्तिकरण और समाज परिवर्तन, ग्रन्थम पब्लिकेशन्स, 2020

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

शास्त्रीय संगीत की धरोहर किशोरी आमोनकर और कौशिकी चक्रवर्तीः एक समीक्षा

• गौरी सिंह–**Author**

• डॉ. बबली अरूण–**Corresponding Author**

परिचय

संगीत किसी के लिए साधना है तो किसी के लिए आनंद का माध्यम,किसी के लिए मनोरंजन का साधन है, तो किसी के लिए प्रेरणा है, किसी के लिए चेतना और इन विभिन्न रूपों में संगीत हम सभी के जीवन में विद्यमान है। संगीत के क्षेत्र में भारतीय शास्त्रीय संगीत को संरक्षित करने तथा निरंतर अभ्यास, अध्यन, आविष्कार व प्रदर्शन द्वारा इसकी गरिमा व खूबसूरती को बनाया रखने का कार्य शास्त्रीय गायक व गायकों पर निर्भर है। अपने उत्कृष्ट संगीत प्रदर्शन के माध्यम से शास्त्रीय संगीतकारों ने जन जन के मन में संगीत के प्रति श्रद्धा और रुचि को कायम रखा है।

• स्नातक, षष्ठ सेमेस्टर, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

किशोरी आमोनकर

जब भी भारतीय शास्त्रीय संगीत की बात की जाती है तब अनेक रत्न रूप कलाकारों का स्मरण हो आता है। इन अनमोल शास्त्रीय संगीतकारों में से एक रही हैं किशोरी आमोनकर जी (10 अप्रैल 1934–03 अप्रैल 2017) जिन्होंने संगीत को दिव्य के साथ संवाद मान कर जिया।

किशोरी आमोनकर का जन्म 10 अप्रैल 1934 को बॉम्बे (मुंबई), महाराष्ट्र में हुआ। बचपन में इनके पिता के देहांत के बाद इनका भरण पोषण इनकी माता मोघुबाई कुद्रीकार ने किया ।

संगीत का प्रारंभिक प्रशिक्षण इन्होंने अपनी माता से प्राप्त किया। अपनी मां से जयपुर घराने की तकनीकों और बारीकियों की शिक्षा प्राप्त करने के बाद युवा आमोनकर ने अंजना बाई मालपेकर (भेंडी बाजार घराने से संबंधित) से संगीत की शिक्षा ली और 1950 के दशक में अपने संगीत करियर की शुरुआत की। उनकी संगीत शिक्षा ने उन्हें असाधारण बनाया। उनके गायन में सभी घरानों की बारीकियों को देखा जा सकता था। आमोनकर ने इस विचार आलोचना की है कि संगीत के स्कूल या घराने एक गायक की तकनीक को प्रभावित करते हैं।

किशोरी आमोनकर ने अपने जीवन में कभी भी अपनी परिस्थितियों और अपने जीवन की कठिनाइयों को अपने संगीत पर हावी नहीं होने दिया।

उनके करियर के शुरुआती समय में एक समय ऐसा था जब उनका संगीत करियर को पूरी तेरह बंद हो सकता था। एक बीमारी के कारण उनकी आवाज चली गई। जिसके कारण उन्हें करीब नौ साल तक संगीत प्रस्तुतियों से दूर रहना पड़ा लेकिन यह भी किशोरी को संगीत से दूर नहीं कर पाया उन्होंने इस अंतराल का उपयोग अपने खुद की गायन शैली पर विचार कर उसे विकसित करने में किया। जो शास्त्रीय संगीत से परे थी इस अंतराल के बाद उन्होंने फिर से अपने करियर में वापसी की और प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका के रूप में मशहूर हुई। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों में पारंपरिक राग जैसे– जौनपुरी, तिलक कामोद, अहीर भैरव, पुरिया धनाश्री,

कौनसी कनाडा के साथ साथ अर्ध शास्त्रीय गायन शैली जैसे ठुमरी, खयाल, भजन, और गजल को शामिल किया। 1964 में 'गीत गया पत्थरों ने' और 1990 में फिल्म दृष्टि के साउंड ट्रेक में भी योगदान दिया। फिर उन्होंने फिल्म उद्योग में आगे न बढ़कर शास्त्रीय संगीत गायन में रहना ही पसंद किया।

ऊर्जा और लावण्य से अनुप्राणित आमोनकर की प्रस्तुतियां संगीत के विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणादायक रही। वे एक प्रसिद्ध गायिका होने के साथ एक लोक प्रिय वक्ता भी थी। उन्होंने पूरे भारत में यात्रा करके व्याख्यान दिए और रस सिद्धांत पर प्रमुख व्याख्यान दिए।

किशोरी का संगीत आध्यात्म से भरा हुआ है और साधना से पैदा हुआ है। उन्होंने सदैव संगीत की गहराइयों में उतरने का प्रयास किया उन्होंने प्राचीन संगीत ग्रंथों पर विस्तृत शोध किया इसलिए उन्हें संगीत की इतनी गहरी समझ थी। आमोनकर मानना था कि संगीत प्रदर्शन के समय संगीतकार को स्वरों के माध्यम से भाव सफलता पूर्वक प्रकट करने आना अनिवार्य है। जिसे श्रोता उस भाव को समझ सके।

देश–विदेश में अविस्मरणीय प्रस्तुतियों एवं संगीत में कुशल योगदान द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा को लोकप्रिय और उत्कृष्ठ बनाने के लिए 1987 में देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण से और 2002 में देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 2010 में वे संगीत नाटक अकादमी (भारतीय राष्ट्रीय संगीत कला नृत्य अकादमी) की फैलो बनी। जो आजीवन नियुक्ति है। जो देश के केवल कुछ दर्जन व्यक्तियों को ही प्राप्त होती है।

किशोरी आमोनकर के प्रेरणादायक संगीत सफर पर 'भिन्न शदज' नाम से डॉक्यूमेंट्री बनाई गई। इसका निर्देशन अमोल पालेकर और संध्या गोखले ने किया। अपना संपूर्ण जीवन संगीत साधना को समर्पित कर संगीत के इतिहास में अपने लिए एक विशेष स्थान प्राप्त किया। 84 वर्ष की आयु में एल.एन.जे. भीलवाड़ा द्वारा आयोजित भीलवाड़ा सुर संगम 2017 समारोह में

गान सरस्वती किशोरी आमोनकर जी ने अदभुत प्रस्तुति दी। इस समारोह में अपनी मधुर आवाज में इन्होंने राग पुरिया धनाश्री और कौनसी कनाडा पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कर सभी संगीत विद्यार्थियों और संगीत के रसिकों को लाभान्वित किया। दुर्भाग्यवश 3 अप्रैल 2017 को इनका निधन हो गया और यह इनकी आखिरी प्रस्तुति कहलाई।

आज शास्त्रीय संगीत की परंपरा को आगे बढ़ाने और जन जन के मन में इसके प्रति श्रद्धा और रूचि को कायम रखने का कार्य आज के भावी संगीतकार निपुणता से कर रहे हैं।

कौशिकी चक्रवर्ती

किसी को मानसिक रूप से खुद को रूप के साथ संरक्षित करना होता है. ..मेरे प्रशिक्षण ने मुझे संगीत के प्रतिभा दृष्टिकोण सिखाइए हैं–संगीत करना या संगीत बन जाना। दूसरा तरीका आपको रूप से परे जाने और उसके साथ एकाकार होने की तरलता देता है ।

ये सुंदर शब्द है भारत की युवा शास्त्रीय गायिका कौशिकी चक्रवर्ती के, जो अपनी असाधारण व अनूठी गायन शैली के लिए जानी जाती हैं। वे अपने बेहद खूबसूरत, प्रभावपूर्ण व सफल गायकी के बल पर अनेक उपलब्धियां प्राप्त कर चुकी हैं। उनके गायन में अर्ध शास्त्रीय गायन शैली जैसे खयाल ठुमरी तथा दक्षिण भारतीय शास्त्रीय गायन शामिल है।

विदुषी कौशीकी चक्रवर्ती का जन्म 24 अक्टूबर 1980 को कोलकाता के एक प्रसिद्ध परिवार में हुआ। वह चंदन चक्रवर्ती तथा पद्म भूषण से सम्मानित पंडित अजय चक्रवर्ती की बेटी हैं। संगीतमय वातावरण में पली बड़ी कौशिकी चक्रवर्ती को बचपन से ही संगीत सीखने में रुचि थी। उन्होंने अपना पहला सार्वजनिक गीत, तराना सात वर्ष की उम्र में कोलकाता रोइंग क्लब में गाया। अपने माता–पिता की देखरेख में दस वर्ष की आयु तक संगीत का प्रशिक्षण लेती रही। फिर उन्होंने श्री ज्ञान प्रकाश घोष जी (पद्म भूषण से सम्मानित) से भारतीय पारंपरिक संगीत सीखना प्रारंभ किया। ज्ञान

प्रकाश घोष जो की अजय चक्रवर्ती के भी गुरु थे आगे चलकर उन्होंने ही कौशिकी चक्रवर्ती को शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी बाद में कौशिकी आइ. टी. सी. संगीत रिसर्च अकादमी में शामिल हो गई जहां उन्होंने 2004 में सनातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने प्रसिद्ध विद्वान बाल मुरली कृष्ण से कर्नाटक संगीत भी सीखा।

कौशिकी ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगीत समारोह और सम्मेलनों में संगीत प्रदर्शन किया है। डॉवर लाने संगीत सम्मेलन में, पुणे में किशोरी आमोनकर स्मारक संगीत कार्यक्रम, राष्ट्रीय कला केंद्र, कोक स्टूडियो एम टी वी सीजन, दरबार महोत्सव सीजन, आई.टी.सी. संगीत सम्मेलन, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (इस प्रस्तुति में उनके पति पार्थ देसीकन ने भी साथ दिया) तथा कल्याणी उस्ताह (2024) में इन्होंने अपने श्रेष्ठ प्रस्तुतियों दी हैं।

कैलिफोर्निया में संगीत का वसंत उत्सव, सवाई गंधर्व भीमसेन संगीत महोत्सव, लॉस एंजेलिस में परंपरा महोत्सव कुछ ऐसे मंच हैं जहां कौशीकी ने अद्वितीय प्रदर्शन किया है और शास्त्रीय संगीत की अपनी कला विशिष्टता के लिए सराहना प्राप्त की है।

कौशिकी मुख्य रूप से पटियाला घराने की गई हैं। कौशिकी की गायन में ठुमरी और खयाल मुख्य है। अपने गायन में साढ़े तीन ऑक्टव की तानें गाना उनके गायन की विशेषता है। कौशिकी की ठुमरी गायन की प्रशंसक स्वयं कंठ कोकिला लता मंगेशकर जी रही हैं।

कौशिकी चक्रवर्ती ने शास्त्रीय गायन के साथ पार्श्व गायन भी किया है। अब तक वे अपने 27 म्यूजिक एल्बम जारी कर चुकी हैं। कौशिकी ने स्त्रीत्व का उत्सव मनाने के लिए छह महिलाओं के म्यूजिक बैंड 'सखी' का भी गठन किया। इस बैंड की सभी महिलाएं संगीत के प्रसिद्ध घरानों से हैं। कौशिक को 'सखी' के लिए प्रेरणा जाकिर हुसैन से मिली थी। महिलाओं द्वारा तालवादन के अनूठे विचार ने रूढ़िवादिता को तोड़ा और महिला कलाकारों के व्यक्तिव को रेखांकित किया।

वर्ष 2020 में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर राम नाथ कोविंद ने कौशीकी चक्रवर्ती को नारी शक्ति पुरस्कारों से सम्मानित किया तथा वे बी.बी.सी. पुरस्कार 2005 की युवा प्राप्तकर्ता हैं (उस समय कौशिकी चक्रवर्ती 25 वर्ष की थी)। उसके बाद 2010 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार, 2013 में आदित्य बिरला कला किरण पुरस्कार, 2017 में ए बी पी आनंद द्वारा "शेरा बंगला सम्मान" और जादू भट्ट पुरस्कार से 1995 में सम्मानित किया गया।

वर्ष 2012 में मिर्ची म्यूजिक अवार्ड्स में कौशीली चक्रवर्ती के एल्बम यात्रा को एल्बम ऑफ द इयर चुना गया और बेस्ट फीमेल वोकलिस्ट का अवार्ड मिला 2012 में उन्हें जी.आई.एम.ए. अवार्ड भी मिला। कौशीकी चक्रवर्ती गायिका होने के साथ एक शिक्षिका भी है। कौशिकी ने अपने संगीत करियर की शुरुआत अपने पिता अजय चक्रवर्ती के साथ की थी। अब तक उन्हें इस करियर में तीस साल पूरे हो चुके हैं। वे विभिन्न कार्यक्रम में उत्कृष्ठ संगीत प्रदर्शन कर भारतीय संगीत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रही हैं।

संदर्भ

1. झा मोहनानंद, भारत के महान संगीतज्ञ, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
2. गर्ग लक्ष्मी नारायण, राग विषारद, संगीत कार्यालय, दिल्ली।
3. चौधरी अमित ,राग की खोज, आकाश इंडिगो प्रकाशन, दिल्ली।
4. यादव आर. एस., बाबा तेरी सोन चिरैया, प्रकाशक लता दीनानाथ मंगेशकर ग्रामोफोन रिकॉर्ड संग्रहालय।
5. देव सुजाता, रूपहेले पर्दे की सुनहरी आवाज, ओम बुक्स दिल्ली।

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

ऑटिज्म से पीड़ित छात्रों की शैक्षिक चुनौतियाँ और समाधानः राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के संदर्भ में

• साक्षी शर्मा–Author

• दीपक कुमार शर्मा–Corresponding Author

परिचय

ऑटिज्म को हिंदी में आत्मविमोह भी कहते हैं। मेडिकल भाषा में इसे ASD (Autism Spectrum Disorder) भी कहते हैं। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे विशेष माने जाते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, अर्थात विकास से जुड़ी हुई एक गंभीर बीमारी है। इस डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चे को कई तरह की परेशानियां होती हैं। हालांकि इससे पीड़ित बच्चे भी कई तरह की प्रतिभाएं रखते हैं। इससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने–लिखने में, समाज के साथ पारस्परिक संबंध बनाने में परेशानियां आती है। ऑटिज्म कई प्रकार के हो सकते हैं जिसमें कुछ ऐसे पीड़ित बच्चे जिनका पढ़ने–लिखने में दिमाग बहुत तेज होगा, लेकिन कुछ बच्चे

• बी०एड० द्वितीय वर्ष, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• असिस्टेंट प्रोफेसर अध्यापक–शिक्षा विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

ऐसे भी मिलेंगे जिनका पढ़ने–लिखने में दिमाग बहुत कम मिलेगा, लेकिन वह कुछ कौशलों को बहुत अच्छे से सीख सकते हैं। इससे पीड़ित बच्चों को ऑटोस्टिक (Autistic) भी कहते हैं।

प्रत्येक वर्ष विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस 2 अप्रैल को मनाया जाता है। वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसका प्रस्ताव दिया था और 18 दिसंबर 2007 को इसे अपनाया था। इस दिवस को ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए, पीड़ित लोगों को समाज से जोड़ने हेतु जागरूकता फैलाने और पीड़ित लोगों को शिक्षित कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए मनाया जाता है।

लक्षण

सामान्यतः इस बीमारी के लक्षण बच्चों में 12 से 18 माह की आयु में दिखाई पड़ते हैं, जो सामान्य से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। यह बीमारी जीवनभर के लिए भी रह सकती है। ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों में पाए जाने वाले लक्षण निम्न है–

- ऐसे बच्चे दूसरे बच्चों से मिलने से बचते हैं।
- ऐसे बच्चे खेल–कूद में कोई रुचि नहीं दिखाते हैं।
- इन्हें अकेला रहना ज्यादा पसंद होता है।
- ऐसे बच्चे किसी भी स्थान पर घंटों तक अकेले बैठे हुए चुपचाप देखते रहते हैं, किसी वस्तु पर एक ही जगह ध्यान रखते हैं और कोई एक ही काम को बार–बार करते हैं।

- इनका व्यवहार गुस्सैल, बेचौन, अशांत और तोड़फोड़ मचाने जैसा रहता है।
- यह किसी भी बातचीत के दौरान या किसी भी शब्द को एक से ज्यादा बार दोहराते रहते हैं।
- ये किसी भी बात पर किसी के प्रति अजीबोगरीब प्रतिक्रिया देते हैं।

अतः इस प्रकार से इन बच्चों में इस तरह के कई प्रकार के लक्षण पाए जाते हैं।

ऑटोस्टिक बच्चों की शैक्षिक चुनौतियां

ऑटोस्टिक बच्चों की शैक्षिक चुनौतियों पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऑटिज्म एक विकासात्मक विकार है। ऑटोस्टिक बच्चे अलग–अलग तरह की कठिनाइयों का सामना करते हैं, जिनका असर उनके सीखने की क्षमता पर पड़ता है। हालांकि यह ध्यान रखना जरूरी है कि ऑटिज्म के स्पेक्ट्रम पर हर बच्चे की जरूरत है और क्षमता अलग–अलग होती है, इसलिए चुनौतियां भी विभिन्न हो सकती हैं, जिन्हें हम निम्न बिंदुओं द्वारा जानेंगे–

8. सम्प्रेषण संबंधी चुनौतियां

ऑटोस्टिक बच्चों को अकसर सम्प्रेषण में कठिनाइयां होती है। यह बच्चे कभी–कभी शब्दों का सही तरीके से उपयोग नहीं कर पाते या उन्हें अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने में कठिनाई होती है। इसका असर उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर पड़ता है, क्योंकि वह अपने सवालों को सही तरीके से पूछ नहीं पाते या शिक्षक द्वारा दी गई जानकारी को ठीक से समझ नहीं पाते हैं। कुछ ऑटोस्टिक बच्चों में भाषण–कौशल विकसित नहीं हो पाता है, जिस कारण उन्हें कक्षा में सक्रिय भागीदारी में मुश्किल होती है।

9. सामाजिक संपर्क में कठिनाई

ऑटोस्टिक बच्चों के लिए सामाजिक संपर्क अकसर चुनौतीपूर्ण होता है। उन्हें सहपाठियों और शिक्षकों के साथ सामान्य रूप से बातचीत करने में कठिनाई होती है। उन्हें यह समझने में परेशानी होती कि दूसरे लोग क्या सोच रहे हैं या महसूस कर रहे हैं, जिसे सामाजिक संकट या 'थ्योरी ऑफ माइंड' कहा जाता है। इस कारण उन्हें समूह गतिविधियों, सहपाठियों के साथ खेल या समूह चर्चा में भाग लेने में समस्या होती है।

अधिकांश शिक्षण–विधियों में समूह कार्य या सामूहिक रूप से सीखने पर जोर दिया जाता है, जो ऑटिस्टिक बच्चों के लिए कठिन हो सकता है। ऐसे बालक व्यक्तिगत तौर पर काम करने में बेहतर हो सकते हैं लेकिन टीमवर्क और सहयोगी गतिविधियों में भाग लेना उनके लिए बेहद मुश्किल साबित हो सकता है। इसके कारण वह कभी–कभी सामाजिक रूप से अलग–थलग महसूस कर सकते हैं जो उनके आत्मसम्मान और शैक्षिक सफलता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

10. संवेदी संवेदनशीलता (Sensory Sensitivity)

ऑटिस्टिक बच्चों में संवेदी संवेदनशीलता आम होती है, जिसमें उन्हें शोर, उजाले, भीड़ या अन्य संवेदी इनपुट से परेशानी हो सकती है। चूंकि कक्षा का माहौल जहां शोरगुल और गतिविधियों से परिपूर्ण होता है अतः उनके लिए असुविधाजनक और विचलित करने वाला हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक ऑटिस्टिक बच्चा सामान्य रूप से होने वाले शोर से ज्यादा परेशान हो सकता हैय जैसे पंखे की आवाज या बहुत सारे बच्चों के साथ बोलने की ध्वनि।

11. पाठ्यक्रम और शिक्षक पद्धतियां

सामान्य शैक्षिक प्रणाली में उपयोग होने वाले पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धतियां ऑटिस्टिक बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं हो सकती हैं। इन्हें अक्सर

अधिक दृश्य और व्यावहारिक शिक्षा की आवश्यकता होती है, क्योंकि वे मौखिक निर्देशों को समझने में कठिनाई महसूस करते हैं। कई ऑटिस्टिक बच्चे विवरणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन वे बड़ी तस्वीर को समझने में संघर्ष कर सकते हैं। इसलिए, जब विषय या अवधारणाएं सारगर्भित हों, तो उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करना या परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

12. मोटर स्किल्स और कार्यकारी क्रिया

कुछ ऑटिस्टिक बच्चों को मोटर स्किल्स (जैसे लिखने, काटने या पकड़ने) में कठिनाई होती है। यह समस्या उनकी शारीरिक गतिविधियों को प्रभावित करती है और उनके शिक्षा में बाधा बन सकती है। इसके अलावा, कार्यकारी क्रियाएं (Executive Functions) जैसे योजना बनाना, ध्यान केंद्रित करना और कार्य को पूरा करना उनके लिए चुनौती पूर्ण हो सकता है। कार्यकारी क्रियाओं में कमजोरी के कारण ऑटिस्टिक बच्चों को किसी भी कार्य को समय पर पूरा करने में मुश्किल होती है। वह व्यवस्थित रूप से काम करने के बजाय अक्सर उलझन में रहते हैं और उनका काम अधूरा रह जाता है।

ऑटिस्टिक बच्चों की शैक्षिक चुनौतियां का समाधान

ऑटिज्म जैसी विकासात्मक विकलांगताओं से पीड़ित बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। भारत में हर 500 बच्चों में से 1 बच्चा इससे पीड़ित होता है। इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स के मुताबिक भारत में ऑटिज्म का अनुमानित प्रसार 68 बच्चों में से एक है। लड़कों में ऑटिज्म होने की संभावना लड़कियों की तुलना में चार गुना अधिक है।

ऑटिस्टिक बच्चों में सीखने की क्षमता कम पाई जाती है, लेकिन वे किसी न किसी कला से निपुण होते हैं। ऑटिस्टिक बच्चों की शैक्षिक चुनौतियों को कम करने के लिए शैक्षिक संस्थानों में समावेशी शिक्षा (Inclusive

Education) की आवश्यकता होती है। समावेशी शिक्षा का अर्थ है कि विशेष बच्चे या मानसिक रूप से पीड़ित बच्चे या विकलांग बच्चे या ऑटिस्टिक बच्चों को उनकी विशेष जरूरत के आधार पर सहायता प्रदान की जाए। इसके लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देना जरूरी है, ताकि वे इन बच्चों की जरूरत को समझ सके और उनके लिए एक अनुकूल शिक्षा का वातावरण बना सके।

ऑटिस्टिक बच्चों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत कुछ प्रमुख समाधान निम्न प्रकार दिए गए हैं–

13. समावेशी शिक्षा (Inclusive Education) को बढ़ावा

NEP–2020 में समावेशी शिक्षा का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। जिसमें ऑटिस्टिक और विशेष जरूरत वाले बच्चों को मुख्याधारा की शिक्षा में शामिल करने का जोर दिया गया है। इसमें सभी बच्चों को समान अवसर और संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही गई है ।

14. विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

NEP–2020 के तहत विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति और प्रशिक्षण पर ध्यान दिया गया है। इसमें विशेष शिक्षा की जरूरत को समझने वाले शिक्षकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूर शुरू किए गए हैं ताकि वह ऑटिस्टिक बच्चों की विशेष चुनौतियों का सही ढंग से समाधान कर सके।

15. वैयक्तिकृत शिक्षा कार्यक्रम (Individualised Education Program & IEP)

IEP एक कानूनी दस्तावेज है जो विशेष शिक्षा सेवाओं और सुविधाओं को निर्दिष्ट करता है ताकि छात्रों की विशिष्ट जरूरतों को पूरा किया जा सके और उन्हें शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। NEP–2020

में वैयक्तिकृत शिक्षा कार्यक्रम की अनुशंसा की गई है। यह योजनाएं प्रत्येक बच्चों की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई गई है जिससे ऑटिस्टिक बच्चों को उनकी व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार शिक्षा मिले।

16. तकनीकी और डिजिटल सहायता

ऑटिस्टिक बच्चों या अन्य मानसिक रूप से पीड़ित या विकलांग बच्चों के लिए NEP–2020 में तकनीकी और डिजिटल उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है। विशेष रूप से डिजाइन किए गए एप्स, गेम्स और अन्य डिजिटल संसाधनों को शिक्षा में शामिल करने की बात कही गई है, जिससे उनका शैक्षिक अनुभव बेहतर हो सके।

17. संवेदी अनुकूल शैक्षिक माहौल

इसके अंतर्गत स्कूलों में संवेदी अनुकूल शिक्षक माहौल बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। इसका उद्देश्य ऑटिस्टिक बच्चों को उनकी संवेदन जरूरत के अनुसार एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

18. मल्टी–डिसीप्लिनरी टीम का सहयोग

NEP-2020 में मल्टी डिसीप्लिनरी टीम के सहयोग से ऑटिस्टिक बच्चों की शैक्षिक–प्रगति पर ध्यान देने की बात कही गई है। इसमें चिकित्सक, विशेष शिक्षक, मनोवैज्ञानिक और अन्य पेशेवर शामिल होते हैं, जो बच्चों की विशेष जरूरत को समझ कर उन्हें व्यक्तिगत सहायता प्रदान करते हैं।

19. समान अवसर और करियर विकास

ऑटिस्टिक बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ व्यावसायिक कौशल और करियर विकास के अवसर देने पर भी NEP–2020 में जोर दिया गया है ताकि वह अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सके।

निष्कर्ष

ऑटिस्टिक बालक एक विशेष बालक होता है, जिसे विशेष रूप से शिक्षा मिलनी चाहिए। जिसके लिए सरकार ने विशेष स्कूलों और NEP–2020 ने समावेशी स्कूलों के निर्माण करने की व्यवस्था की है। जिससे बच्चे की जरूरत को पूर्ण किया जा सके और उनको मनोवैज्ञानिक रूप से समझा जा सके। जिससे बच्चों को उनके अनुकूल शैक्षिक वातावरण मिल सके। कक्षा में ऑटिस्टिक बच्चों की विशेष जरूरत को ध्यान में रखते हुए कुछ समायोजन किया जा सकते हैं जैसे कि एक शांतिपूर्ण माहौल तैयार करना, दृश्य–श्रव्य शिक्षण सामग्री का उपयोग करना। इसके साथ ही सहपाठियों को भी संवेदनशील बनाना जरूरी है ताकि वे इन बच्चों के साथ सहानुभूति और समझदारी के साथ व्यवहार कर सके।

संदर्भ

1. "Autism Spectrum Disorder." Indian Journal of Pediatrics, vol. 87, no. 8, 2020, pp. 619-624. SpringerLink, doi:10.1007/s12098-020-03336-6.
2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारत सरकार, https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_Hindi.pdfi
3. Sharma, Ramesh, and Pooja Verma. "Understanding Autism Spectrum Disorder in Children: Challenges and Interventions." Journal of Special Education, vol. 15, no. 2, 2022, pp. 78-95.
4. सिंह, अंजलि, ऑटिस्टिक बच्चों और शिक्षाः बाधाएं और अवसर, भारतीय शिक्षा जर्नल, वॉल्यूम11, अंक 1, 2021, पृष्ठ 35–42।
5. संयुक्त राष्ट्र महासभा, विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस, संयुक्त राष्ट्र, 18 दिसंबर 2007, www.un.org/en/observances/autism-day

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

महिलाओं पर स्वयं सहायता समूह का प्रभाव

- सोनिका–**Author**
- डॉ. अनीता–**Corresponding Author**

परिचय

स्वयं सहायता समूह को एक ''सुरक्षित समूह के रूप में परिभाषित किया जाता है जो मानवीय सहायता को उन समस्याओं को बदलने या सुधारने के साधन के रूप में महत्व देता है। जिन्हें इसके प्रतिभागियों द्वारा परिवर्तनीय दबावपूर्ण और व्यक्तिगत माना जाता है।'' एक स्वयं सहायता समूह में 10 या 20 सदस्य होते हैं जो अपेक्षाकृत सामान्य आर्थिक वर्ग (जैसे गरीब) से चुने जाते हैं। स्वयं सहायता समूह ग्रामीण निर्धनों का एक छोटा समूह होता है। जिसके सदस्यों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति लगभग समान होती है। यह सामूहिक प्रयास से अपने जीवन दशा को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। स्वयं सहायता समूह ग्रामीण निर्धनों का एक छोटा समूह होता है। जिनके सदस्यों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति लगभग समान होती है यह समूह प्रयास से अपने जीवन दशा में बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।

- एम.ए. द्वितीय वर्ष, समाजशास्त्र, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
- असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

यह स्वप्रेरणा से बचत के लिए बनाया गया समूह होता है। इसके सदस्य समूह को संस्थागत रूप देने के लिए हर सप्ताह या 15 दिन में समूह द्वारा निश्चित धनराशि जमा करके एक साधारण निधि का निर्माण करते हैं जो आगे चलकर समूह की शक्ति बन जाती है।

स्वयं सहायता समूह की उत्पत्ति और अवधारणा

स्वयं सहायता समूह गरीब लोगों को गरीबी से उभरने के लिए आवश्यक ऋण प्रदान करता है। भारत में SHG की उत्पत्ति 1972 में स्वरोजगार महिला संगठन (SEWA) की स्थापना से मानी जाती है। 1993 में नाबार्ड ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर SHG को बैंकों में बचत खाता खोलने की अनुमति दी। स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रस्तुत शोध पत्र के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की भूमिका महिला सशक्तिकरण के बारे में जानने के लिए कि गया है। इसके अंतर्गत यह प्रमुख प्रमुख रूप से एक गांव को सम्मिलित किया गया है इस गांव में कार्यरत कर स्वयं सहायता समूहके आठ महिला उत्तरदाताओं का अध्ययन किया गया है।

स्वयं सहायता समूह का इतिहास

1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना करके मोहम्मद यूनुस ने आसान शर्तों पर ऋण के माध्यम से सबसे गरीब लोगों के लिए आत्मनिर्भरता के अपने सपने को साकार करने की कोशिश की। भारत में सग मॉडल प्रोफेसर यूनुस के ग्रामीण बैंक मॉडल से प्रेरित होकर वर्ष 1984 में प्रस्तुत किया गया था। स्वरोजगार महिला संगठन की स्थापना 1972 में हुई, जिसके परिणाम स्वरुप भारत में स्वयं सहायता समूह का उदय हुआ। इससे पहले स्वयं संगठन की दशा में एक छोटा सा प्रयास किया गया था जैसे की अहमदाबाद में कपड़ा मजदूर संघ ने 1954 में अपनी महिला शाखा बने ताकि पुरुष शरीर को के परिवारों की महिलाएं सिलाई, बुनाई आदि जैसे कौशल सीख सके। स्वरोजगार महिला संघ सेवा की स्थापना इलाहाबाद

द्वारा स्वरोजगार वाली महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए की गई थी, जो कुम्हार, फेरीवाले, बुनकर और अन्य असंगठित क्षेत्र में काम करती थी।

स्वयं सहायता समूह बैंक लीकेज परियोजना के एक भाग के रूप में जो 1992 में विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परियोजना बन गई, नाबार्ड ने एससीजी बैंक लिकेज परियोजना की स्थापना की। नाबार्ड और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1993 में स्वयं सहायता समूह के लिए बैंक कार्य में बचत बैंक खाता खोलने की अनुमति दी गई। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना शुरू की गई बाद में 2011 में यह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के रूप में विकसित हुआ।

स्वयं सहायता समूह की विशेषताएं

- समूह के सदस्यों की संख्या 10 से 20 तक होती है, परिवार का कोई एक सदस्य पुरुष या सभी स्वयं सहायता समूह का सदस्य बन सकता है।
- सदस्यों की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उन्हें मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।
- समूह के सदस्यों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति लगभग समान होती है।
- समूह में गरीबी रेखा के नीचे तथा गरीबी रेखा के ऊपर दोनों स्तर के सदस्य होते हैं।
- समूह के सभी सदस्य नियमित रूप से थोड़ी–थोड़ी बचत कर सामूहिक निधि में जमा करते हैं। समूह के सदस्य एक ही गांव, मोहल्ले के होते हैं।
- समूह के सदस्य हफ्ते, 15 दिन या महीने में एक बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर एक दूसरे की सामाजिक– आर्थिक समस्याओं

का समाधान करते हैं। इसी बैठक के दौरान बचत राशि को जमा, ऋण लेन–देन लेखा जोखा आदि धर्मो का संपादन किया जाता है।

- स्वयं सहायता समूह द्वारा समूह के बचत खाते की राशि का समूह के अंतर्गत सदस्यों को ऋण प्रदान करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।
- स्वयं सहायता समूह को कर्ज देने के लिए 50,000/– तक के ऋण द्वारा कोई भी मार्जिन और प्रतिभूति मानदंड नहीं रखा जाता है।

स्वयं सहायता समूह के कार्य

- वे रोजगार और आय– सृजन गतिविधियों के क्षेत्र में समाज के गरीब और हासिय पर पड़े वर्गों की कार्यात्मक क्षमता का निर्माण करने का प्रयास करते हैं।
- वे ऐसे लोगों को बिना किसी जमानत के ऋण उपलब्ध कराते हैं जिन्हें आमतौर पर बैंकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती है।
- वह आपकी विचार– विमर्श और सामूहिक नेतृत्व के माध्यम से संघर्षों का समाधान करते हैं।
- वह गरीबों में बचत की आदत को भी प्रोत्साहित करते हैं।

स्वयं सहायता समूह के लाभ

- स्वयं सहायता समूह के सामाजिक बुराइयों जैसे दहेज, शराबखोरी, कम उम्र में विवाह आदि को खत्म करने में मदद करते हैं।
- महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाकर राष्ट्र को सच्ची लैंगिक समानता की ओर ले जाने में मदद मिलती है।

- स्वयं सहायता समूह लोगों को बचत करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।
- एसएचजी ने समाज के कम प्रतिनिधित्व वाले और आवाज हीन वर्गों को आवाज दी है।
- स्वयं सहायता समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर लोगों को आजीविका कमाने में मदद करते हैं।

स्वयं सहायता समूह एवं बैंक लिंकेज कार्यक्रम

स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज परियोजना वर्ष 1992 में नाबार्ड द्वारा शुरू की गई थी और अब यह विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परियोजना बन गई है। इस कार्यक्रम के तहत बैंकों को समूह के लिए बचत खाता खोलने की अनुमति दी गई है। एसएचजी बैंक लिंकेज प्रोग्राम, एक गेम चेंजर के रूप में स्थापित हुआ जिसमें लगभग 97.5% SHG के अब बैंक खाते हैं। यह मजबूत बैंकिंग संबंध समय पर शरण पहुंच को सक्षम बनाता है जो आर्थिक मूल्य वर्धन के लिए महत्वपूर्ण है कम ब्याज दरों पर इष्टतम फंड के साथ SHG रूकावटो पर नियंत्रण कर अपनी पूरी मार्केटिंग क्षमता का उपयोग करते हैं। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का SHG पोर्टफोलियो अब लगभग दो ट्रिलियन का है।

शोध पद्धति

शोध पद्धति का अर्थ है, शोध करने का तरीका यानी शोध किस तरह, किस आधार पर किस विषय पर किया जा सकता है। शोध पद्धति शोध को वैधानिकता प्रदान करती है, और वैज्ञानिक रूप से ठोस निष्कर्ष प्रदान करती है यह शोधकर्ताओं को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

शोध क्षेत्र

प्रस्तुत शोध के लिए शोधार्थी के द्वारा स्वयं सहायता समूहके अध्ययन के लिए धूम मानिकपुर गांव का अध्ययन किया गया है।

निदर्शन

प्रस्तुत शोध अध्ययन में चार स्वयं सहायता समूहों से 8 महिला उत्तरदाताओं का चयन किया गया है।

यंत्र एवं तकनीक

प्रस्तुत शोध अध्ययन में साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है।

आंकड़ों के संकलन के स्रोत

आंकड़ों के संकलन के स्रोतों के रूप में प्राथमिक एवं द्वितीय स्रोतों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक स्रोतों के रूप में सर्वेक्षण साक्षात्कार प्रश्नावली आदि का प्रयोग किया गया है, जबकि द्वितीय स्रोतों के रूप में पत्र पुस्तक, जनरल, प्रकाशित पुस्तक आदि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत शोध में वर्णनात्मक और अन्वेषणात्मक शोध प्रारूप को सम्मिलित किया गया है।

स्वयं सहायता समूह का महिला उत्तरदाताओं पर प्रभाव

समूह के प्रभाव को समझने के लिए निम्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है–

- **आर्थिक प्रभाव**– पांच महिला उत्तरदाताओं का मानना है कि उनकी आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जबकि तीन महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।

- **सामाजिक सांस्कृतिक प्रभाव**– कुल आठ महिला उत्तरदाताओं का मानना है कि परिवार में इनका सम्मान पहले से ज्यादा होने लगा है तथा उनकी सामाजिक स्थिति भी पहले से बेहतर हो गई है।

- **आय पर अधिकार**– कुल आठ महिला उत्तरदाताओं का मानना है कि वह अपनी आय का प्रयोग अपने और अपने परिवार के लिए करती है आय पर इन महिलाओं का स्वयं का अधिकार है।

- **निर्णय लेने की क्षमता पर प्रभाव**– कुल आठ महिला उत्तरदाताओं का मानना है कि उनके निर्णय लेने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है जैसे की वे अपनी मर्जी से बाहर आने जाने लगी है।

निष्कर्ष

स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर हो गई है, जैसे कि ऊपर स्पष्ट किया गया है इसे महिलाओं को आत्मनिर्भर होने में मदद मिली है। सरकार को ऐसे कार्यक्रमों को और बढ़ावा देना चाहिए जिससे कि महिलाएं आर्थिक,राजनीतिक सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं में नेतृत्व कौशल का भी विकास हुआ है।

संदर्भ

1. महाजन धर्मवीर, महाजन कमलेश, समाजशास्त्र की आधुनिक पद्धति–विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
2. https:// shodhganga. inflibnet.ac .in
3. https://byjus.com
4. https:// www. drishtiias.com
5. https://hi.vikaspedia.in

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

शहरी अलगाव भारतीय शहरों में छिपा मानसिक संकट

• यशवी शर्मा–Author
• डॉ. विनीता सिंह–Corresponding Author

परिचय

आज के समय में भारत में शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ रहा लोग बेहतर जीवन शैली रोजगार और सुविधाओं की तलाश में गांव और छोटे शहरों से बड़े शहरों में पलायन कर रहे हैं मुंबई दिल्ली बेंगलुरु जैसे महानगरों में लोग अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां पर आते हैं हालांकि इन शहर की चकाचौंध मैं एक अदृश्य समस्या भी है सहरियाल का एक ऐसी मानसिक और सामाजिक स्थिति है जहां लोग भले ही भौतिक रूप से दूसरे के पास रहते हैं लेकिन वह मानसिक और भावनात्मक रूप से खुद को अकेला महसूस करते हैं। शहरी अलगाव एक ऐसा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अवधारणा है, जिसमें शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग सामाजिक संपर्क और समुदायिक समर्थन से कट जाते हैं। यह विशेष रूप से बड़े और घनी आबादी वाले शहरों में पाया जाता है, जहां लोग भले ही भौतिक

• बी.ए. पंचम सेमेस्टर, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

रूप से एक–दूसरे के करीब होते हैं, लेकिन मानसिक और भावनात्मक रूप से अलगाव का अनुभव करते हैं। इसका इतिहास शहरीकरण की प्रक्रिया से गहराई से जुड़ा हुआ है।

शहरी अलगाव का इतिहास समझने के लिए हमें शहरीकरण की विभिन्न चरणों और इसके सामाजिक प्रभावों को देखना होगा।

प्रारंभिक शहरीकरण और समुदाय

प्राचीन समय में, जब शहर छोटे थे और लोगों के बीच घनिष्ठ सामाजिक संबंध थे, शहरी अलगाव का अस्तित्व कम था। अधिकांश प्राचीन नगर जैसे कि मेसोपोटामिया, मिस्र, सिंधु घाटी आदि सभ्यताओं में लोग एक–दूसरे को पहचानते थे और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेते थे। ग्रामीण समाज में भी लोग आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े रहते थे, और छोटे शहरी केंद्रों में यह प्रवृत्ति बनी रही। लेकिन जैसे–जैसे शहरों का आकार और जनसंख्या बढ़ी, समुदायिक समर्थन प्रणाली कमजोर होने लगी।

औद्योगिक क्रांति और शहरी अलगाव का उदय

औद्योगिक क्रांति (18वीं और 19वीं सदी) ने शहरी अलगाव की समस्या को और बढ़ा दिया। इस समय तेजी से शहरीकरण हुआ, और गाँवों से लोग रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने लगे। यह अचानक हुई जनसंख्या वृद्धि शहरों में अव्यवस्था, भीड़भाड़, और सामाजिक ढांचे में बदलाव का कारण बनी।

➢ अव्यवस्थित शहरीकरण

लोग औद्योगिक शहरों में तो आ गए, लेकिन वहाँ के सामाजिक ढाँचे पहले से तैयार नहीं थे। लोग अपने पारिवारिक और सामाजिक समर्थन से दूर हो गए, जिससे वे एकाकी महसूस करने लगे। छोटे–छोटे मकानों में लोगों का घनत्व बढ़ा, जिससे समाज में आपसी संपर्क और संवाद घट गया।

➢ सामाजिक असमानता और अलगाव

औद्योगिक समाज में अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ी। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब मजदूरों को आवास और सेवाओं की कमी का सामना करना पड़ा, जबकि अमीर वर्ग शहरी जीवन का आनंद ले रहे थे। यह आर्थिक असमानता सामाजिक अलगाव का एक बड़ा कारण बनी।

➢ नया कार्यसंस्कृति और व्यक्तिगतता

औद्योगिक शहरों में लोग एक दूसरे से परिचित होने के बजाय अपने व्यक्तिगत कामों में लगे रहते थे। कार्यस्थल पर भी आपसी संबंध व्यवसायिक तक सीमित थे। इसने पारंपरिक समाजिक संबंधों को कमजोर कर दिया, और लोग मानसिक रूप से एकाकी हो गए।

20वीं सदी का शहरीकरण और आधुनिक शहरी अलगाव

20वीं सदी में, विशेषकर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, दुनिया भर में शहरीकरण की गति और तेज हुई। बड़े पैमाने पर मकानों और अपार्टमेंट्स का निर्माण हुआ। इस शहरी विस्तार के साथ ही शहरी अलगाव भी बढ़ता गया।

➢ उच्च वृद्धि वाले अपार्टमेंट और अलगाव

आधुनिक शहरीकरण ने ऊंची इमारतों और बड़े अपार्टमेंटों का निर्माण किया। इन अपार्टमेंटों में लोग एक ही इमारत में रहते तो थे, लेकिन एक–दूसरे से अजनबी की तरह। इस प्रकार की आवासीय संरचनाओं ने समुदायिक जीवन को कमजोर कर दिया और लोगों के बीच सामाजिक संपर्क कम कर दिया।

➢ आधुनिक जीवनशैली और अलगाव

20वीं सदी के उत्तरार्ध में आधुनिक जीवनशैली, तकनीकी विकास, और व्यक्तिगतता के बढ़ते प्रभाव ने शहरी अलगाव को और गहरा किया। लोग

अपने–अपने व्यक्तिगत जीवन में अधिक ध्यान केंद्रित करने लगे और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी कम हो गई।

➢ प्रवासी श्रमिक और सांस्कृतिक अलगाव

वैश्वीकरण के कारण दुनिया भर के शहरों में प्रवासी श्रमिकों की संख्या बढ़ी। ये प्रवासी अपने घर–परिवार से दूर होते हैं, और अक्सर सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक रूप से शहर की मुख्यधारा से कट जाते हैं। यह प्रवासी समुदायों के भीतर और शहरी समाज में अलगाव का एक प्रमुख कारण बनता है।

तकनीकी युग और डिजिटल युग में शहरी अलगाव

21वीं सदी में तकनीकी प्रगति और डिजिटल युग के आगमन ने शहरी अलगाव को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। आजकल लोग एक ही शहर में रहते हुए भी आपस में व्यक्तिगत रूप से कम और डिजिटल माध्यमों से अधिक संपर्क में रहते हैं।

➢ सोशल मीडिया और आभासी दुनिया

आज के समय में लोग सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से भले ही दुनिया भर से जुड़े हों, लेकिन यह संपर्क अक्सर सतही और अस्थाई होता है। वास्तविक जीवन में सामाजिक संपर्क की कमी और डिजिटल दुनिया की अति–निर्भरता ने शहरी अलगाव को और बढ़ाया है।

➢ कार्य संस्कृति में परिवर्तन

हाल के वर्षों में, विशेषकर कोविड–19 महामारी के बाद, जब श्वर्क फ्रॉम होमश (घर से काम) का प्रचलन बढ़ा, तब लोगों के आपसी संपर्क और सामाजिक जीवन में गिरावट आई। अब लोग अपने घरों में ही बंद रहते हैं और शारीरिक रूप से अलगाव का अनुभव करते हैं।

शहरी अलगाववाद के विभिन्न आयाम

शहरी अलगाववाद एक जटिल और बहुस्तरीय मुद्दा है, जिसमें कई पहलू शामिल हैं। यहाँ कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं का विवरण हैरू

1. **सामाजिक आयामः** शहरी अलगाववाद के सामाजिक पहलू में समुदायों के बीच संबंधों की कमी, सामाजिक एकता की कमी और सामुदायिक पहचान की कमी शामिल है।

2. **आर्थिक आयामः** शहरी अलगाववाद के आर्थिक पहलू में आर्थिक असमानता, रोजगार की कमी, और संसाधनों की कमी शामिल है।

3. **सांस्कृतिक आयामः** शहरी अलगाववाद के सांस्कृतिक पहलू में सांस्कृतिक पहचान की कमी, सांस्कृतिक विविधता की कमी और सांस्कृतिक आदान–प्रदान की कमी शामिल है।

4. **राजनीतिक आयामः** शहरी अलगाववाद के राजनीतिक पहलू में राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी, राजनीतिक भागीदारी की कमी और राजनीतिक शक्ति की असमानता शामिल है।

5. **शैक्षिक आयामः** शहरी अलगाववाद के शैक्षिक पहलू में शिक्षा की कमी, शिक्षा की गुणवत्ता में कमी और शिक्षा के अवसरों में असमानता शामिल है।

6. **स्वास्थ्य आयामः** शहरी अलगाववाद के स्वास्थ्य पहलू में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कमी और स्वास्थ्य संबंधी असमानता शामिल है।

7. **पर्यावरण आयामः** शहरी अलगाववाद के पर्यावरण पहलू में पर्यावरण प्रदूषण, पर्यावरण असमानता और पर्यावरण संरक्षण में कमी शामिल है।

8. **तकनीकी आयामः** शहरी अलगाववाद के तकनीकी पहलू में तकनीकी पहुंच की कमी, तकनीकी शिक्षा की कमी और तकनीकी संसाधनों की कमी शामिल है।

शहरी अलगाववाद के प्रभाव

- शहरी अलगाववाद से सामाजिक संबंधों में कमी आती है, जिससे सामाजिक अस्थिरता बढ़ती है।
- शहरी अलगाववाद से आर्थिक विकास में बाधा आती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच आर्थिक संबंधों में कमी आती है।
- शहरी अलगाववाद से सांस्कृतिक विविधता में कमी आती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान में कमी आती है।
- शहरी अलगाववाद से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच राजनीतिक मतभेदों में वृद्धि होती है।
- शहरी अलगाववाद से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में कमी आती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच संसाधनों की कमी होती है।
- शहरी अलगाववाद से पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि होती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच पर्यावरण संरक्षण में कमी आती है।
- शहरी अलगाववाद से तकनीकी पिछड़ेपन में वृद्धि होती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच तकनीकी संसाधनों की कमी होती है।

- शहरी अलगाववाद से मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती हैं, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में कमी आती है।
- शहरी अलगाववाद से अपराध और हिंसा में वृद्धि होती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच सामाजिक और आर्थिक मतभेदों में वृद्धि होती है।
- शहरी अलगाववाद से शहरी विकास में बाधा आती है, क्योंकि अलग–अलग समुदायों के बीच सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मतभेदों में वृद्धि होती है।
- शहरी अलगाव के कारण लोग अकेलेपन, अवसाद और मानसिक तनाव का अनुभव करने लगते हैं। बिना समाजिक समर्थन के लोग अधिक मानसिक तनाव का सामना करते हैं।
- शहरी क्षेत्रों में समुदायिक भावना की कमी होती जा रही है। लोग एक ही जगह रहते हुए भी एक–दूसरे से अपरिचित रहते हैं और आपसी सहयोग की भावना कमजोर हो गई है।
- शहरी अलगाव का एक और प्रभाव अपराध दर में वृद्धि है। जब लोग सामाजिक रूप से अलग–थलग हो जाते हैं, तब अपराध और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है।

समाधान और उपाय

- **सामुदायिक कार्यक्रमः** शहरों में सामुदायिक कार्यक्रम और आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए ताकि लोग एक दूसरे से मिल सके और सामाजिक संबंध बना सकें। सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन करके अलग–अलग समुदायों के बीच सामाजिक संबंधों में वृद्धि की जा सकती है।

- **शहर योजना में सुधारः** शहरी नियोजन को ऐसे ढंग से किया जाना चाहिए लोग अधिक से अधिक एक दूसरे से जुड़ सके जैसे सामुदायिक पार्क सार्वजनिक स्थान जहां लोग समय बिता सके और मिलजुल कर रह सके।

- **सोशल मीडिया का सीमित प्रयोगः** सोशल मीडिया व डिजिटल दुनिया से दूरी बनाकर लोग वास्तविक जीवन में अधिक सामाजिक संपर्क बना सकते हैं इसलिए डिजिटल डिटॉक्स और ऑनलाइन समय की सीमा तय करना महत्वपूर्ण है।

- **आर्थिक विकास के लिए नीतियों का निर्माणः** आर्थिक विकास के लिए नीतियों का निर्माण करके अलग–अलग समुदायों के बीच आर्थिक संबंधों में वृद्धि की जा सकती है।

- **सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रमः** सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों का आयोजन करके अलग–अलग समुदायों के बीच सांस्कृतिक विविधता में वृद्धि की जा सकती है।

निष्कर्ष

शहरी अलगाव शहरीकरण की एक अवांछित उपज है, जिसने समाजिक संबंधों और समुदायिक जीवन को कमजोर कर दिया है। यह प्रवृत्ति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि कैसे हम शहरी जीवन में सामूहिकता और आपसी संबंधों को फिर से मजबूत कर सकते हैं। इसके समाधान के लिए हमें ऐसी शहरी योजनाओं की आवश्यकता है जो न केवल भौतिक संरचनाओं का निर्माण करें, बल्कि समाजिक संरचना को भी ध्यान में रखें, ताकि लोग शहरी जीवन में भी एक सामुदायिक भावना का अनुभव कर सकें। शहरी अलगाव का अनुभव विशेष रूप से बड़े शहरों में होता है, जहां लोग अक्सर अपने व्यक्तिगत जीवन में व्यस्त रहते हैं और सामुदायिक संबंधों में कमी महसूस करते हैं। यह सामाजिक संपर्क की कमी, एकाकीपन, और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बनता है। इस विषय

का अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें यह समझने में मदद करता है कि कैसे तेजी से बदलते समाज में हम सामाजिक संबंधों को मजबूत कर सकते हैं और एक सामूहिक भावना को बढ़ावा दे सकते हैं। शहरी अलगाव के प्रभाव और इसके समाधान की तलाश में एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, ताकि हम एक स्वस्थ और संतुलित समाज का निर्माण कर सकें।

सन्दर्भ

1. शर्मा रीता, शहरी अलगाव और शहरी योजना, अग्रवाल पब्लिशर्स, 2016
2. भारद्वाज संगीता, शहरी अलगाव और सामुदायिक विकास, रावत पब्लिकेशन्स, 2018
3. कुमार प्रमोद, शहरी अलगाव के सामाजिक और आर्थिक पहलू, ग्रन्थम पब्लिकेशन्स, 2019
4. जोशी रामशरण, शहरी अलगाव, एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण, राजपाल एंड सन्ज, 2019
5. मिश्रा मृदुला, शहरी अलगाव और सामाजिक न्याय, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2020

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

लता मंगेशकर और मोहमद रफी : एक सुनहरा युग

• तनु विकल–**Author**

• डॉ. बबली अरुण–**Corresponding Author**

लता मंगेशकर

प्रत्येक संगीत प्रेमियों के दिलों में छाई रहने वाली आदरणीय लता जी भारत की सबसे लोकप्रिय व प्रतिष्ठित गायिका है। वह एक पार्श्व गायिका होने के साथ–साथ संगीत निर्देशक व फिल्म निर्माता भी रही है। इसके अलावा उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया। लता जी को स्वर साम्राज्ञी, राष्ट्र की आवाज, भारत कोकिला, और स्वर कोकिला जैसे नाम से भी जाना जाता है लता जी ने 36 भाषाओं में गाने गए हैं। जिनमे हिंदी, बंगाली और मराठी भाषाएं प्रमुख रही हैं।

लता जी का जन्म 26 सितंबर 1929 इंदौर में हुआ था। इनका जन्म ब्राह्मण परिवार में पंडित दीनानाथ जी के घर में हुआ था। पंडित दीनानाथ जी बच्चों को संगीत की शिक्षा दिया करते थे, एवं थिएटर में कार्य करते थे। लता मंगेशकर जी का बचपन का नाम हेमा था। उनके पिता ने अपने एक

• बी.ए. षष्ठ सेमेस्टर, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.
• असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

नाटक, 'भाव बंधन' के एक चरित्र 'लतिका' के नाम पर लता रखा। लता मंगेशकर केवल एक दिन स्कूल गई वहां पर छोटी बहन आशा को लाने से मना करने के कारण विद्यालय छोड़ दिया। लता मंगेशकर ने 6 साल की उम्र से संगीत शिक्षा लेना प्रारंभ की। लता जी के बाल्यकाल को लेकर एक कहानी प्रचलित है कि उनके पिता जब बच्चों को संगीत सिखा रहे थे, तब उनके पिता की अनुपस्थिति में एक बच्चा राग गायन गलत करने लगा, तो लता उस बच्चे को ठीक करने लगी इस बीच उनके पिता पीछे खड़े होकर यह सब देख रहे थे। और उसी दिन से उनके पिता दीनानाथ जी ने उन्हें संगीत शिक्षा देनी प्रारंभ कर दी। वह लता को अपने साथ संगीत समारोह में गायन के लिए भी ले जाते थे। लता जब केवल 13 साल की थी, जब उनके पिता का ह्रदय रोग के कारण निधन हो गया। घर में बड़ी बेटी होने के कारण परिवार की सारी जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गई।

प्रत्येक संगीत प्रेमियों के दिलों में छाई रहने वाली आदरणीय लता जी भारत की सबसे लोकप्रिय व प्रतिष्ठित गायिका है। वह एक पार्श्व गायिका होने के साथ–साथ संगीत निर्देशक व फिल्म निर्माता भी रही है। इसके अलावा उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया। लता जी को स्वर साम्राज्ञी, राष्ट्र की आवाज, भारत कोकिला, और स्वर कोकिला जैसे नाम से भी जाना जाता है लता जी ने 36 भाषाओं में गाने गए हैं। जिनमे हिंदी, बंगाली और मराठी भाषाएं प्रमुख रही हैं।

लता जी का जन्म 26 सितंबर 1929 इंदौर में हुआ था। इनका जन्म ब्राह्मण परिवार में पंडित दीनानाथ जी के घर में हुआ था। पंडित दीनानाथ जी बच्चों को संगीत की शिक्षा दिया करते थे, एवं थिएटर में कार्य करते थे। लता मंगेशकर जी का बचपन का नाम हेमा था। उनके पिता ने अपने एक नाटक, 'भाव बंधन' के एक चरित्र 'लतिका' के नाम पर लता रखा। लता मंगेशकर केवल एक दिन स्कूल गई वहां पर छोटी बहन आशा को लाने से मना करने के कारण विद्यालय छोड़ दिया। लता मंगेशकर ने 6 साल की उम्र से संगीत शिक्षा लेना प्रारंभ की। लता जी के बाल्यकाल को लेकर

एक कहानी प्रचलित है कि उनके पिता जब बच्चों को संगीत सिखा रहे थे, तब उनके पिता की अनुपस्थिति में एक बच्चा राग गायन गलत करने लगा, तो लता उस बच्चे को ठीक करने लगी इस बीच उनके पिता पीछे खड़े होकर यह सब देख रहे थे। और उसी दिन से उनके पिता दीनानाथ जी ने उन्हें संगीत शिक्षा देनी प्रारंभ कर दी। वह लता को अपने साथ संगीत समारोह में गायन के लिए भी ले जाते थे। लता जब केवल 13 साल की थी, जब उनके पिता का हृदय रोग के कारण निधन हो गया। घर में बड़ी बेटी होने के कारण परिवार की सारी जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गई।

पिता की मृत्यु के बाद पैसों की कमी व परिवार की जिम्मेदारी के कारण लता जी ने फिल्मों में अभिनय भी किया। उनको अभिनय बिल्कुल पसंद नहीं था। उनकी पहली फिल्म 'पाहिली मगलागौर' जो की 1942 में आई। 1943 में मांझे बाल, चिमुकला संसार, 1944 में गजभाऊ, 1945 में बड़ी मां, 1946 में जीवन यात्रा, 1948 में मंद और 1952 में छत्रपति शिवाजी फिल्मों में काम किया। लता जी का पहला गाना 'नाचू या गाडे खेलूं सारी मनी होश भारी' आज तक रिलीज नहीं हुआ। यह गाना सदाशिव राव नेवरेकर ने मराठी फिल्म किट्टी हसल के लिए 1942 में कंपोज किया था। यह गाना लता की आवाज में रिकॉर्ड तो हुआ लेकिन फिल्म से काट दिया गया। 1946 में लता मंगेशकर जी ने 'आपकी सेवा में' फिल्म के लिए 'पा लूंगा कर जोरी' गीत गया। जिसे गाने के बाद लता मंगेशकर की खूब चर्चा हुई। 1948 में लता जी ने 'मजबूर' फिल्म के गाने 'अंग्रेजी छोरा चला गया' और 'दिल मेरा तोड़ा हाय मुझे कहीं का नहीं छोडा तेरे प्यार ने' से अधिक प्रसिद्धि पाई। 1948 में लता जी ने फिल्म 'महल' के लिए 'आएगा आने वाला' गीत गया जो कि उनके कैरियर का पहला सुपर डुपर हिट गाना था। जिस से लता को बहुत अधिक प्रसिद्धि मिली और फिर उन्होंने अपने कैरियर में कभी भी मुड़ कर नहीं देखा और इसके बाद उन्होंने एक से एक सुपरहिट गाने गाये। लता मंगेशकर ने गायन के साथ–साथ फिल्म निर्माण भी किया। 1953 वाडाल (मराठी), झांझर (हिंदी), 1955 कंचन गंगा (हिंदी), और 1991 लेकिन (हिंदी) फिल्मों का निर्माण किया।

लता मंगेशकर ने छोटी सी उम्र से परिवार की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 13 साल की उम्र से ही परिवार की जिम्मेदारी संभाल ली और फिल्म जगत में कार्य करना आरंभ किया। लता मंगेशकर जी ने अपनी बारीक आवाज के कारण बहुत अधिक संघर्ष किया। दिलीप कुमार स्टारर फिल्म 'शहीद' में एस मुखर्जी ने लता जी को अपनी फिल्म काम देने से इनकार कर दिया। इसके पीछे का कारण लता जी की पतली आवाज थी। उस समय गुरु गुलाम हैदर साहब, लता जी को काम दिलाने की कोशिश कर रहे थे, उन्होंने लता जी की आवाज को दिलीप कुमार को सुनवाया, जैसे ही लता मंगेशकर दिलीप कुमार के सामने गाने लगी उन्होंने लता को बीच में टोकते हुए कहा 'उनकी आवाज बहुत बारीक है, जिसके कारण शब्दों का उच्चारण सही से सुनाई नहीं दे रहा है। लेकिन रिजेक्शन मिलने के बाद भी लता ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी आवाज पर कड़ी मेहनत की। लता जी ने भारतीय फिल्मों में बहुत ज्यादा प्रसिद्धि प्राप्त की। 1962 में लता मंगेशकर को धीमा जहर देकर मारने की कोशिश की गई, जहर के कारण उनकी हालत बहुत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके कारणवश वह अस्पताल तक चलकर जाने में असमर्थ थी, डॉक्टर उनका एक्स–रे करने के लिए अस्पताल से मशीनों को घर पर लेकर आए। हालत बहुत ज्यादा बिगड़ने के बाद भी लता मंगेशकर ने हार नहीं मानी और वह इससे लड़ी और 26 जनवरी 1963 को उन्होंने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसा लोकप्रिय गीत गाया। लता मंगेशकर जी ने परिवार की जिम्मेदारियां के चलते शादी नहीं की थी। हालांकि यह कहा जाता है, कि लता मंगेशकर डूंगरपुर के राजकुमार से प्रेम करती थी और उन्हीं से शादी करना चाहती थी लेकिन राजकुमार के परिवार वालों ने शादी से इनकार कर दिया था।

पुरस्कारः

लता मंगेशकर जी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई पुरस्कार प्राप्त किये। लता मंगेशकर ने सात फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त किये।

1. 1959 में 'आजा रे परदेसिया फिल्म' 'मधुमति' के लिए।

2. 1963 में 'कहीं दीप जले कहीं दिल' 'फिल्म बीस साल बाद के लिए'।

3. 1966 मे 'तुम ही मेरे मंदिर तुम्हीं मेरी पूजा' 'खानदान' फिल्म।

4. 1970 में'आप मुझे अच्छे लगने लगे ' फिल्म 'जीने की रहा' के लिए।

5. 1993 फिल्म फेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार।

6. 1994 फिल्मफेयर विशेष अवार्ड 'दीदी तेरा देवर दीवाना' फिल्म 'हम आपके हैं कौन' के लिए।

7. 2004 फिल्मफेयर विशेष अवार्ड।

लता मंगेशकर ने तीन बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर नेशनल फिल्मफेयर अवार्ड प्राप्त किया।

1. 1972 में 'परिचय' फिल्म के गानों के लिए बेस्ट प्लेबैक सिंगर का राष्ट्री य फिल्म पुरस्कार।

2. 1974 में 'कोरे कागज' फिल्म के गीतों के लिए पुरस्कार।

3. 1990 में 'लेकिन' फिल्म के गीतों के लिए पुरस्कार।

1966 में मराठी फिल्म सधी मानस के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का पुरस्कार।

लता मंगेशकर ने 1974 में गिनीज रिकॉर्ड में भारतीय संगीत के इतिहास में सबसे अधिक गाने रिकार्ड करने वाले कलाकार होने का गौरव हासिल किया।

इनके अलावा लता मंगेशकर ने 1964 में चौदह बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट संघ अवार्ड प्राप्त किये। लता मंगेशकर 1974 में रॉयल अल्बर्ट हॉल में प्रदर्शन करने वाली पहली भारतीय बनी। 1974 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 1997 में महाराष्ट्र भूषण। 1996 में स्टार स्क्रीन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सद्भावना पुरस्कार। इनके अलावा लता मंगेशकर ने तीन पुरस्कार प्राप्त किये। 1969 में उन्हें 'पद्म भूषण' 1999 'पद्म विभूषण' एवं

वर्ष 2001 में राष्ट्रपति के० आर० नारायण के हाथों भारत रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

लता मंगेशकर को कोविड नामक संक्रामक रोग से ग्रस्त होने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां पर स्थिति में सुधार नहीं होने के कारण 6 फरवरी 2022 रविवार सुबह 8 बजकर 12 मिनट पर लता मंगेशकर ने 92 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। लता मंगेशकर बहुत ही दयालु थीं। लता मंगेशकर जी से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जीवन में कितनी भी परेशानियां क्यों ना आए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दृढ़ निश्चय रखना चाहिए और कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। लता मंगेशकर जी ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया था। जब उनसे इंटरव्यू में पूछा कि क्या आप अगले जन्म में भी लता बनना चाहेंगी, तब लता जी ने मुस्कुराते हुए कहा कि नहीं मैं अगले जन्म में लता नहीं बनना चाहूंगी क्योंकि लता की परेशानियां सिर्फ लता जानती है। अनेकों कठिनाइयों के बावजूद भी लता ने इतनी प्रसिद्धि हासिल की।

मोहम्मद रफी

मोहम्मद रफी साहब अपनी आवाज की मधुरता के कारण हिंदी सिनेमा जगत में अपने समय कालीन गायको के बीच अलग पहचान बनाई है। इन्होने हिंदी गानों के अलावा गजल, भजन, देश भक्ति गीत, कव्वाली और अन्य भाषा में गीत गाये है।

मोहम्मद रफी साहब को 'शहंशाह–ए–तरन्नुम' भी कहा जाता है। रफी साहब ने अपने गायन कैरियर में तकरीबन 28000 गाने गए हैं।

मोहम्मद रफी साहब का जन्म 24 दिसंबर 1924 में अमृतसर (पंजाब) के मजीठा नगर के पास कोटला सुल्तान सिंह गांव में हुआ। इनके पिता का नाम हाजी अली और माता का नाम अल्लाह रफी है। रफी साहब के पिता को गाना बजाना पसंद नहीं था। इस कारण यह हमेशा अपने पिता से छुप कर गाया करते थे। मोहम्मद साहब को बचपन में प्यार से फिकू कहकर

बुलाते थे। इनकी शिक्षा उनके गांव में ही हुई थी। कहां जाता है जब मोहम्मद रफी 7 साल के थे, तो इनके गांव में एक फकीर आता था। जो यह गाता था 'खेडन दे दिन चार माई खेडन दे दिन' रफी साहब उसके गाने से प्रभावित होकर उसकी नकल करके उसके पीछे–पीछे गाते हुए घूमते थे। जिससे रफी साहब की आवाज मधुर होती गई। 7 साल की उम्र में ही रफी साहब और उनका परिवार रोजगार के लिए लाहौर रहने लगा। लाहौर में रफी जी के बड़े भाई ने हजामत की दुकान खोली थी। रफी जी अपना अधिकतर समय वहीं पर व्यतीत करते थे ।लाहौर मैं ही इन्होंने बरकत अली खान और अब्दुल वाहिद से संगीत की शिक्षा ली। एक बार आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) लाहौर में उस समय के प्रख्यात गायक, अभिनेता कुंदन लाल सहगल अपना प्रदर्शन करने आए थे। उनको सुनने रफी और उनके बड़े भाई भी गए थे। बिजली गुल हो जाने की वजह से सहगल ने गाने से मना कर दिया। जिसके कारण भीड़ बहुत व्याकुल हो गई। जिसके बाद रफी के बड़े भाई ने आयोजनों से निवेदन कर भीड़ की व्यग्रता को शांत करने के लिए मोहम्मद रफी को गाने देने का मौका मांगा। उनकी अनुमति मिल गई और 13 वर्ष की आयु में मोहम्मद रफी का यह पहला सार्वजनिक प्रदर्शन था। उनकी आवाज को सुनकर लोग काफी प्रभावित हुए और इस भीड़ में आए श्याम सुंदर जी, जो उस समय के प्रसिद्ध निर्देशक थे। वह भी उनसे बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने रफी को अपनी फिल्म में गाने का अवसर दिया।

सुंदर जी के लिए मोहम्मद रफी ने पहला गीत पंजाबी फिल्म 'गुल बलोज' 1942 में गाया था। यह फिल्म 1944 में रिलीज हुई। इसके बाद रफी साहब मुंबई आ गए और वहां पर इन्होंने 1944 में संगीतकार नौशाद के लिए फिल्म 'पहले आप' मे 'हिंदुस्तान के हम' गीत गाया। यह गीत आर्मी मार्चिंग का गीत था जिसकी रिकॉर्डिंग के लिए तीन कलाकारों ने एक माइक पर आर्मी शूज पहन कर मार्च करते हुए गाया जिसके कारण तीनों सिंगरों के पैरों में छाले पड़ गए थे। 1945 में जब डायरेक्टर श्याम सुंदर जी 'गांव की गोरी' फिल्म कर रहे थे तब उन्होंने मोहम्मद रफी को इस फिल्म के

गीत 'दिल हो काबू में' गाने का मौका दिया। 1946 में रफी ने अपने पसंदीदा सिंगर कुंदन सहगल के साथ फिल्म 'अनमोल घड़ी' गीत, 'तेरा खिलौना टूट गया' कोरस में गाया। जो बहुत प्रसिद्ध हुआ 1947 में फिल्म जुगनू के लिए 'वह अपनी याद दिलाने को' और 'यहां बदला वफा का' नूरजहां के साथ गाया था। इन गानों से रफी जी को हिंदी फिल्म जगत में पहचान मिली। इसके बाद 1948 में 'सुनो सुनाएं बापू की अमर कहानी' से रातों रात सफलता मिली। और इसी गाने से मोहम्मद रफी ने हिंदी फिल्म जगत में अपनी जगह बनाई। रफी साहब ने 1994 में 'बैजू बावरा' के लिए गीत गाया। जो की बहुत अधिक प्रसिद्ध हुआ और प्रत्येक व्यक्ति के हृदय पर छा गए।

पुरस्कारः

रफी साहब ने अपनी 40 साल के फिल्मी कैरियर में बहुत से पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए इनका नाम 16 बार सिलेक्ट किया गया, जिसमें इन्हें 6 पुरस्कार मिले। एक नेशनल पुरस्कार भी मिला।

1. 1960 मे 'चौदहवी का चांद हो'।
2. 1961 में 'तेरी प्यारी प्यारी सूरत को' फिल्म ससुराल के लिए।
3. 1964 में 'चाहूंगा मैं तुझे' फिल्म दोस्ती के लिए।
4. 1966 मे 'बहारों फूल बरसाओ' फिल्म सूरज के लिए ।
5. 1968 मे 'दिल के झरोखे में' फिल्म ब्रह्मचारी के लिए।
6. 1977 में 'क्या हुआ तेरा वादा' फिल्म हम किसी कम नहीं, है।

1948 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा रजत पदक 'बापू की अमर कहानी' के लिए। 1965 में पदम श्री का अवार्ड प्राप्त किया।

मोहम्मद रफी जी ने 31 जुलाई 1980 में रात 10:25 पर दिल के दौरा पढ़ने के कारण 55 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। नौशाद शाहब के संगीत निर्देशन मे मोहम्मद रफी का आखरी गाना अली सरदार जाफरी द्वारा

लिखित 'हब्बा खातून' के लिए था। गीत के बोल थे 'जिस रात के ख्याब आये वो रात आय।' ऐसे महान कलाकार थे रफी साहब जिनकी आवाज का जादू आज भी भारत और भारत के बाहर भी संपूर्ण विश्व में चलता है।

सन्दर्भ

1. कोरती राजू , मोहम्मद रफीः स्वयं ईश्वर की आवाज, योगी बुक्स, दिल्ली।
2. देव सुजाता, रूपहले पर्दा की सुनहरी आवाज, ओम बुक्स, दिल्ली।
3. भिमानी हरीश, लता दीदीः अजीब दास्तां है, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
4. यादव आर.एस., बाबा तेरी सोन चिरैया, लता दीनानाथ मंगेशक ग्रामोफोन रिकॉर्ड संग्रहालय।
5. भिमानी हरीश, सर्च ऑफ लता मंगेशकर, इनदूस।

SHODHANJALI

ISBN- 978-93-93248-63-3
E ISBN- 978-93-93248-66-4

सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव

• सोनिया– **Author**

परिचय

सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को क्रांतिकारी तरीके से बदल दिया है, लेकिन इसके साथ ही इसके दुष्परिणाम भी सामने आए है। इस शोधपत्र में सोशल मीडिया के दुष्परिणामों का विश्लेषण किया गया है, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, सामाजिक अलगाव, और व्यक्तिगत संबंधों पर प्रभाव शामिल हैं।

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर के लोगों से जोड़ने, अपने विचारों को साझा करने, और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माधायम प्रदान करना है। लेकिन, सोशल मीडिया के इस युग में हमे इसके दुष्परिणामों को भी समझना होगा। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंधों, और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इस शोधपत्र में, हम सोशल मीडिया के दुष्परिणामों का विश्लेषण करेंगे, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, सामाजिक अलगाव, और इसके –

• बी.एड.(द्वितीय वर्ष), कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

दुष्परिणामों के बीज संबंध को समझने का प्रयास करेंगे, और इसके लिए समाधान की तलाश करेंगे।

मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव एक जटिल और व्यापक मुद्दा है, जिस पर विभिन्न विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने अपनी टिप्पणियाँ दी हैं–

डॉ. जीन ट्वेंगे, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (APA)

''सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, खासकर युवाओं में। यह आत्म–सम्मान की कमी, अवसाद, और अकेलापन महसूस करा सकता है।''

डॉ. एडम अल्टर, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO)

''सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर दोनों तरह के प्रभाव डाल सकता है– सकारात्मक और नकारात्मक। यह हमें सामाजिक समर्थन प्रदान कर सकता है, लेकिन अत्यधिक उपयोग से तनाव और चिंता भी बढ़ सकती है।''

डॉ. शशि थरूर, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ

''सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सोशल मीडिया का उपयोग बंद कर देना चाहिए। हमें इसका उपयोग सीमित करना चाहिए और इसके बजाय व्यक्तिगत संबंधों पर ध्यान देना चाहिए।''

प्रोफेसर डैन प्रेविन, सोशल मीडिया एंड मेंटल हेल्थ रिसर्च सेंटर (SMHRC)

''सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सोशल मीडिया को पूरी तरह से नकार देना चाहिए। हमें इसका उपयोग सीमित करना चाहिए और इसके बजाय व्यक्तिगत संबंधों पर ध्यान देना चाहिए।''

इन टिप्पणियों से पता चलता है कि सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव एक जटिल मुद्दा है, जिस पर विभिन्न विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं के विचार हैं।

इस प्रकार सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से कुछ निम्न दुष्परिणाम हो सकते हैः–

- सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने से तनाव और चिंता बढ़ सकती है।
- सोशल मीडिया पर अन्य लोगों की तिलना करने से आत्म–सम्मान की कमी हो सकती है।
- **अवसाद और अकेलापनः** सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने पर अकेलापन महसूस हो सकता है।
- **नींद की कमीः** सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग नींद की कमी का कारण बन सकता है।
- **आत्महत्या के विचारः** सोशल मीडिया के संपर्क में आने से आत्महत्या के विचार आ सकते है।

साहित्य समीक्षा

सोशल मीडिया के दुष्परिणामों के बारे में कई अध्ययन किए गए हैं। इन अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, सामाजिक अलगाव को बढ़ावा देता है, और व्यक्तिगत संबंधों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। सोशल मीडिया के दुष्परिणामों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, हमने कई शोध पत्रों और लेखों का अध्ययन किया है।

सोशल मीडिया के सामाजिक दुष्प्रभाव

साइबर बुलिंगः साइबर बुलिंग एक गंभीर समस्या है जो ऑनलाइन मंचों पर होने वाली दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की गतिविधियों को संदर्भित करती है, जिससे व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों तरह के नुकसान हो सकते हैं। इसके कारण ऑनलाइन अनामता, सामाजिक अलगाव, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, शिक्षा और जागरूकता की कमी और तकनीकी उन्नति हैं। साइबर बुलिंग के प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, आत्म–सम्मान की कमी, सामाजिक अलगाव, शैक्षिक प्रदर्शन में कमी और आत्महत्या के विचार हो सकते हैं। इसे रोकने के लिए ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता अभियान, ऑनलाइन उत्पीड़न की रिपोर्टिंग, साइबर बुलिंग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन आवश्यक हैं। हमें साइबर बुलिंग के खिलाफ एकजुट होकर काम करना चाहिए और ऑनलाइन मंचों पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना चाहिए।

व्यक्तिगत जानकारी की चोरीः सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी की चोरी एक गंभीर समस्या है जो व्यक्तिगत सुरक्षा और गोपनीयता को खतरे में डालती है। सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहचान की चोरी, धोखाधड़ी, और वित्तीय नुकसान हो सकता है। हैकर्स और साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी चोरी करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं, जैसे कि फिशिंग, मैलवेयर,

और सोशल इंजीनियरिंग। इसके अलावा, सोशल मीडिया कंपनियों की डेटा सुरक्षा में कमियां भी व्यक्तिगत जानकारी की चोरी का कारण बन सकती हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी से बचने के लिए सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचना चाहिए, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए, और सोशल मीडिया की गोपनीयता सेटिंग्स का उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा, सोशल मीडिया कंपनियों को भी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय करने चाहिए।

